भाद्रपद शुक्ल पक्ष-पूर्णिमां, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 162 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

27 नवम्बर 2023 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

21 अधिकतम

17 न्यूनतम



Page- 7

# अब रेट माइनर्स करेंगे सुरंग में चूहों जैसी खुदाई

## फंसे मजदूरों को निकालने मशीनों के बजाए हाथों का सहारा

**उत्तरकाशी , एजेंसी।**

बीते 16 दिन से सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने कि तमाम कोशिशें नाकाम होने के बाद अब रेट माइनर्स का सहारा लिया जाएगा। यानि इस ड्रिलिंग में 48 मीटर से आगे की खुदाई मैनुअली की जाएगी। इसके लिए 6 'रैट माइनर्स' की एक टीम को सिल्क्यारा बुलाया गया है। रैट माइनर्स ने बताया कि माइनर्स बारी-बारी से रेस्क्यू के लिए बनाई गई पाइपलाइन के अंदर छोटा सा फावड़ा लेकर जाएंगे और छोटी ट्रॉली में एक बार में 6-7 किलो मलबा लादकर



बाहर निकालेंगे। इस दौरान रैट माइनार्स के पास ऑक्सीजन मास्क, आंखों की सुरक्षा के लिए विशेष चश्मा और पाइपलाइन के अंदर एयर सर्कुलेशन के लिए ब्लोअर मौजूद होगा। इन रैट माइनर्स के पास दिल्ली और अहमदाबाद में इस तरह का काम करने का अनुभव है।

### रेस्क्यू में अभी 100 घंटे और.. !

दीवाली के दिन से उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सुरंग में कैद 41 श्रमिक बाहर निकले की उम्मीद लगाए हैं। उन्हें बाहर निकालने की पूरी कोशिशें हो रही हैं लेकिन हर बार कोई न कोई बाधा आने से सफलता नहीं मिल रही। फंसे मजदूरों को निकालने के लिए अब वर्टिकल ड्रिलिंग पर फोकस किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले दिन रविवार को 19.20 मीटर हिस्सा ड्रिल किया गया। अगर अब कोई अड़चन नहीं आई तो इस रास्ते से मजदूरों तक पहुंचने में करीब 100 घंटे लगेंगे। बचाव अभियान में अब बारिश की बाधा की भी आशंका जताई जा रही है। हालांकि यहां भारत समेत अन्य देश के विशेषज्ञ भी मौजूद हैं व पीएमओ भी नजर बनाये हुए है।

## आतंकी पन्नू डरा, राजनयिक के साथ धक्का-मुक्की कराई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इस बार अपने समर्थकों के जरिए नापाक हरकत की है। पन्नू ने न्यूयॉर्क स्थित गुरुद्वारे में अपने समर्थकों को भेजकर भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की कराई। इससे पहले ब्रिटेन में भी खालिस्तानी समर्थकों ने गुरुद्वारे के बाहर भारतीय राजदूत के साथ इसी तरह से बदसलूकी की थी। ताजा मामला न्यूयॉर्क स्थित गुरुद्वारे का है, जहां भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू पहुंचे थे। पहले से ही मौजूद खालिस्तानियों द्वारा उनसे धक्का-मुक्की का वीडियो भी सामने आया है इसमें खालिस्तानी समर्थक कह रहे हैं कि आपने हरदीप सिंह निज्जर का कत्ल किया और अब पन्नू को मारने की योजना बना रहे है।

## चीन में रहस्यमयी बीमारी भारत में एडवाइजरी जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन की रहस्यमयी बीमारी पर भारत सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पब्लिक हेल्थ सिस्टम को अपडेट करने के लिए कहा है। इसके अलावा किसी बड़ी बीमारी के फैलने को लेकर अस्पतालों में तैयारी करने के लिए भी कहा गया है। वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भी चिंता जाहिर करते हुए चीन से इस बीमारी से जुड़ी जानकारी मांगी है। हेल्थ मिनिस्ट्री ने बताया था कि वो चीन में फैल रही रहस्यमयी बीमारी पर नजर रख रही है। हेल्थ मिनिस्ट्री ने कहा था- चीन में बच्चों के मामलों में सांस से जुड़ी बीमारी के फैलने की बारीकी से निगरानी की जा रही है। वहीं, चीनी अधिकारियों का कहना है कि मार्च तक इस बीमारी का खतरा ज्यादा है।

## पीएम ने तिरुपति बालाजी के किए दर्शन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी के दर्शन किए। दर्शन के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर फोटो जारी करते हुए लिखा, 'तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।'

### मप्र के राजनीतिक व प्रशासनिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण अगले सात दिन

# निर्णायक सप्ताह शुरू, सीएस के बाद सीएम पर होगा फैसला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र के राजनीतिक व प्रशासनिक भविष्य को लेकर नया व निणार्यक सप्ताह आज शुरू हो गया है। इस के शुरूआती दिनों में नये मुख्यसचिव या 'केयरटेकर सीएस' की नियुक्ति होनी है तथा सप्ताह के आखिरी दिन राज्य की नयी सरकार व नये मुख्यमंत्री की तस्वीर साफ होने वाली है। दोनों ही मामलों में संबंधित पक्ष अपनी अपनी तैयारियों को अंजाम दे रहे हैं। चुनाव आयोग मतगणना की तैयारी व मतगणना के दिन की तमाम व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहा है, वहीं उसे अगले दो दिन में राज्य के नये मुख्यसचिव को लेकर भी फैसला करना है। हालांकि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर यह फैसला मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के जरिये दिल्ली में चुनाव आयोग तक जाएगा और इसी सीढी से उतरता हुआ सरकार तक पहुंचेगा।

जानकार सूत्रों का कहना है कि कल शाम तक यह निर्णय हो सकता है। मौजूदा मुख्यसचिव इकबाल सिंह बैंस को यदि फिर कुछ दिन की सेवावृद्धि का प्रस्ताव आता है तो इसमें केंद्र की मंजूरी भी जरूरी होगी। यदि नये मुख्यसचिव के लिये बात आगे बढती है तो वरिष्ठता के आधार पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्णय होगा। सूत्रों का कहना है कि सरकार अभी बैंस को ही कुछ दिन पद पर रखना चाहती है ताकि पद संभालने के दो दिन बाद ही मतगणना के वक्त



नये मुख्यसचिव को दिक्कतें न हों। हालांकि बैंस को पहले भी दो सेवावृध्दि मिल चुकी है। अब उनके नये कार्यकाल का फैसला केंद्र सरकार व आयोग के जरिये होगा। उनका कार्यकाल 30 नवंबर तक है। वैसे, वरिष्ठता के आधार पर नया मुख्य सचिव नियुक्त करने का भी विकल्प है। सरकार पैनल भेजकर निर्णय आयोग पर छोड सकती है। वरिष्ठता के आधार पर 1988 बैच की वीरा राणा सबसे ऊपर हैं। उनके बाद मप्र में वरिष्ठता क्रम में मोहम्मद सुलेमान और विनोद कुमार का नाम आता है।

## मतगणना से पहले वंदना के दौर



मप्र में विधानसभा चुनाव की मतगणना तीन दिसंबर को है। इससे पहले राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों व मतगणना में तैनात होने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण का दौर चला रखा है। कांग्रेस और भाजपा का शिविरों में उम्मीदवारों,जिला अध्यक्षों समेत तमाम नेताओं से संपर्क करके आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। भोपाल में दोनों दलों के वरिष्ठ नेता दिनभर कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर तीन दिसंबर को नजर रखेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह आज सीहोर जिले के दौरे पर जा रहे हैं, वे सलकनपुर देवीधाम में दर्शन भी करेंगे। इससे पहले वे मैहर,उज्जैन,दतिया के मंदिर भी जा चुके हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ तीस नवंबर को भोपाल लौटेंगे।

## डीपफेक पर 'नतीजे' के पहले पड़ताल भी तेज

डीपफेक के तेजी से बढ़ मामलों को लेकर पुलिस भी जांच में जुट गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान डीपफेक की सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का वीडियो बनाकर इंटरनेट पर प्रसारित किया गया। इसमें लाड़ली लक्ष्मी योजना बंद करने की बात कही गई थी। कांग्रेस नेता राकेश यादव की शिकायत पर साइबर सेल इसकी जांच कर रही है। इस फर्जी वीडियो की एफआइआर दर्ज कर ली गई है। अफसरों का कहना है कि अभी तक बड़े राजनेता और सेलिब्रिटी ही इसके शिकार होते थे लेकिन अब स्थानीय स्तर पर भी डीपफेक का उपयोग बढ़ने लगा है। इंदौर में ही चार एफआइआर दर्ज हो चुकी हैं। डार्कनेट पर भी फर्जी वीडियो बनाए जा रहे हैं। यहां अभी तक हथियार, मादक पदार्थ और एटीएम-क्रेडिट कार्ड की जानकारी बिक रही थी। एक मिनट लंबे वीडियो के एवज में एक लाख रुपये तक लिए जा रहे हैं।

## तेलंगाना सरकार को झटका, आयोग ने रायथु बंधु योजना की इजाजत वापस ली

**हैदराबाद , एजेंसी।**

चुनाव आयोग ने तेलंगाना सरकार की रायथु बंधु योजना को चालू रखने की इजाजत वापस ले ली है। इस योजना के तहत सरकार किसानों को आर्थिक मदद मुहैया करा रही है। चुनाव आयोग ने कहा है कि जब तक राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू रहेगी तब तक योजना के तहत किसी प्रकार की वित्तीय मदद नहीं दी जाएगी।

दरअसल कांग्रेस पार्टी बीआरएस सरकार को मिली मंजूरी का विरोध कर रही थी। रायथु बंधु योजना के तहत सरकार राज्य के हर किसान के बैंक खाते में 5000 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से पैसे स्थानांतरित करती है। ये रकम साल में दो बार यानी खरीफ और रबी की फसल के वक्त स्थानांतरित किए जाते हैं। इस तरह हर किसान के खाते में प्रति एकड़ 10 हजार रुपये जमा होते हैं। इस योजना के तहत अब तक तेलंगाना सरकार 70 हजार करोड़ रुपये राज्य के किसानों के खातों में जमा कर चुकी है और इससे 60 लाख किसानों को फायदा हुआ है।




बीआरएस ने रायथु बंधु योजना के तहत सहायता राशि बढ़ाकर 16 हजार रुपये प्रति वर्ष करने का एलान किया है। तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसके चलते राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू है। ऐसे में राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से अपील की थी कि रायथु बंधु योजना के तहत राज्य के किसानों के बैंक खातों में 24 नवंबर से सब्सिडी का पैसा वितरित करने की मंजूरी मांगी थी। चुनाव आयोग ने इसकी मंजूरी दे भी दी थी लेकिन कांग्रेस और अन्य पार्टियों ने इसका विरोध किया।

## 14 तक ही अपडेट होगा आधार, अटकेंगे काम

**नई दिल्ली ।** आधार कार्ड अब भारतीयों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसके बिना कई सरकारी और प्राइवेट काम पूरा नहीं हो सकते। मगर यदि किसी ने इसे अपडेट नहीं किया गया है, तो उनका काम अटक सकता है.। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए काफी समय से कहा हुआ है। इस कार्य को फ्री में करने की सुविधा दी जा रही है। अब इसे अपडेट करने की डेडलाइन 14 दिसंबर तय की गई है।




## सीजफायर से पहले हमास के 5 खूंखार कमांडर ढेर



**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम चल रहा है लेकिन युद्धविराम से पहले के 48 दिनों में इजरायल ने जमकर हमास पर कहर बरपाया दिया है। इजरायल ने हमास के कई बड़े कमांडरों को ढेर कर दिया है। इसकी पुष्टि अब खुद हमास ने की है। इसमें उत्तरी ब्रिगेड के कमांडर अहमद अल घंडौर और उसके रॉकेट डिवीजन के कमांडर अयमान सियाम को मार डाला। हमास की मिलिट्री विंग ने कहा कि कुल पांच वरिष्ठ अधिकारी मारे गए। युद्धविराम शुरू होने से पहले टार्गेट कर इनकी हत्या की गई। रिपोर्ट के मुताबिक उनके शवों को सुरंगों के खंडहरों से निकाला गया। पहली बार आईडीएफ ने सुरंग के अंदर आतंकियों का खात्मा किया है। अल कासिम ब्रिगेड ने कहा कि घंडौर उसकी मिलिट्री काउंसिल का सदस्य और उत्तरी कमांड का कमांडर था।

**मेट्रो एंकर**

### मध्यप्रदेश के कई इलाकों में बारिश, आकाशीय बिजली गिरने से कई मौतें

# पहाड़ों से मैदानों तक बदला मौसम, जल्द कड़ाके की ठंड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में अब इस सीजन का पहला मावठा गिर रहा है। रविवार रात से आज सोमवार तक भोपाल, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। कल शाम से मालवा-निमाड़ के इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, धार, नीमच और झाबुआ समेत कई जिलों में पूरी रात ही बारिश हुई। इससे दिन में भी ठंडक बढ़ गई है।

प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से दंपती समेत 4 लोगों की मौत की खबरें हैं। रतलाम और उज्जैन सबसे ठंडे रहे। यहां तापमान में 5.4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अब अगले तीन चार दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। आज नर्मदापुरम में विक्षोभ-चक्रवाती घेरा सहित दो अन्य मौसमी सिस्टम सक्रीय होने से प्रदेश का पूरा मौसम बदल गया है। आज से हवा का रुख भी बदला गया है अब दक्षिण-पूर्वी दिशा से हवा चल रही है।



### गुजरात में बिगड़ा मौसम, 20 मौत



बेमौसम बरसात के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं में 20 लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने आज यह आंकड़ा जारी किया। घटना पर गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन राहत-बचाव कार्यों में लगा है। राज्य के आपात अभियान केंद्र के अधिकारी ने बताया कि गुजरात के अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं दर्ज हुई। इनमें कई लोगों की मौत हुई है।

### पहाड़ों पर बर्फबारी, ठंड को लेकर चेतावनी जारी



उत्तरभारत में बारिश और ठंड को लेकर चेतावनी जारी कर दी गई है। पश्चिमी यूपी में बारिश की संभावना है। इससे पहले 2014 में न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री पहुंचा था। उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में बादल छाए हुए हैं। यमुनोत्री धाम के आसपास बर्फबारी शुरु हो गई है। वहीं निचले इलाकों में बारिश का मौसम बना हुआ है।





**राजधानी में गिरा माठवा**

एक साथ चार मौसमी सिस्टम सक्रिय होने से आज मध्यप्रदेश में मौसम बदल गया। राजधानी में रात को मावठा गिरा जो सुबह तक गिरता रहा जिससे शहर का मौसम बदल गया और ठंड बढ़ गई।

### पत्नी को घर वापस लाने और समझाइश देने पति ने लगाई गुहार, कहा-

# कमरे में बंद होकर देती है आत्महत्या की धमकी, मांगती है आजादी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पत्नी को घर वापस लाने और समझाइश देने के लिए एक पति द्वारा फैमिली कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके बाद न्यायालय और काउंसलर की समझाइश पर दंपति के बीच सुलह हुई है। मामले में पति ने गुहार लगाई थी कि पत्नी को समझाया जाए। पत्नी घंटों खुद को कमरे में बंद रखकर उसे धमकाती है कि उसे उसकी मर्जी का जीवन जीने दिया जाए वर्ना वह आत्महत्या कर लेगी। पति ने बताया कि उसकी रोज की धमकी से परेशान होकर उससे कह दिया कि तुम अपनी मर्जी का हर काम करने को स्वतंत्र हो, तबसे पत्नी घर से अपना सारा जेवर, कपड़ा-लत्ता और साथ ही कुछ अन्य कीमती सामान समेटकर मायके जा बैठी है। पति ने कहा कि वह अपनी गृहस्थी तोड़ना नहीं चाहता।



**न्यायालय और काउंसलर की समझाइश के बाद दंपति में ही सुलह**

#### शादी को हुए हैं दो साल

दंपति की शादी को करीब दो साल हो गए है। पति के अनुसार, शादी के कुछ दिन तक सब ठीक चलता रहा, लेकिन फिर पत्नी के व्यवहार में बदलाव आ गया। चार माह बाद अचानक पत्नी खुद को घंटों कमरे में बंद करने लगी। लाख कहने पर भी दरवाजा नहीं खोलती और अंदर से झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी देती रहती। एक दिन पत्नी ने 24 घंटे दरवाजा नहीं खोला। पति के अनुसार, अगले दिन दोपहर में दरवाजा खोला और कहा मैंने जहर पी लिया है। मैंने पानी पिलाया तो हंसने लगी कि अभी तो मैंने नाटक किया है, लेकिन अगली बार तुम्हें जेल पहुंचाकर रहूंगी।

#### पत्नी ने कहा-रोक-टोक पसंद नहीं

मामले में काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को समझाइश दी गई। इस दौरान पत्नी ने कहा कि बात-बात पर रोक-टोक पसंद नहीं है। पत्नी इस बात पर घर वापसी को राजी हुई कि पति उसे जेब खर्च के लिए अलग से पैसे देगा और पत्नी या उसके मायके वालों के बारे में कोई गलत बात नहीं कहेगा। वहीं पति ने शर्त रखी कि पत्नी, ससुराल पक्ष के साथ दुर्व्यवहार नहीं करेगी। आत्महत्या की धमकी नहीं देगी और बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी दवा का सेवन नहीं करेगी। इन शर्तो के साथ दोनों के बीच समझौता हुआ।

### पत्रकार स्व केसवानी के मित्रों-प्रशंसकों का आयोजन

# आपस की बात में केसवानी को शिद्दत से याद, वर्तिका पुरस्कृत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खोजी पत्रकार और सिने लेखक स्व.राजकुमार केसवानी के 73 वें जन्म दिवस पर माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय में 'आपस की बात' कार्यक्रम में केसवानी से जुड़ी यादें सामने आई। मुम्बई से आये फिल्म लेखक और निर्देशक रूमी जाफरी, इरशाद कामिल सहित भोपाल के रंगमंच निर्देशक और फिल्म एक्टर राजीव वर्मा ने अनेक यादें ताजा करते हुए केसवानी के योगदान से अवगत करवाया। साहित्यकार राजेश जोशी ने भी केसवानी से जुड़े संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम में सुनिता केसवानी, रौनक केसवानी और जिज्ञासा केसवानी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।



रूमी जाफरी ने कहा कि स्व राजकुमार केसवानी हिंदी सिनेमा के मर्मज्ञ थे। उन्होंने अपने लेखन से पाठकों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वे अध्ययनशील थे और शोध आधारित लेखन से उन्हें पहचान भी मिली। इरशद कामिल ने कहा कि केसवानी ने उनकी मित्रता एक कार्यक्रम में हुई। फोन पर साहित्य से जुड़ी चर्चाएं होती थीं। वे मेरे गीत और नज्में सुनकर अपनी प्रतिक्रिया भी देते थे। जब उन्होंने पियानो लिया था तो फोन कर के इसकी इत्तिला दी थी। विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि आगामी वर्ष से सप्रे संग्रहालय द्वारा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 11 -11 हजार रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अतिथियों द्वारा दिल्ली से आई मीडिया शिक्षिका, पत्रकार और जेल सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनी कार्य करने वाली डॉ वर्तिका नंदा को वर्ष 2023 का राजकुमार केसवानी सम्मान प्रदान किया गया। डॉ वर्तिका को सम्मान स्वरूप एक लाख रूपए की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# रैगिंग मामले में दो माह बाद भी जुर्माने की राशि वसूल नहीं सका विवि प्रशासन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में सितंबर में हुई रैगिंग के दो मामलों में 12 से अधिक दोषी विद्यार्थियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है लेकिन विद्यार्थियों के ऊपर लगाई गई जुर्माना राशि अभी तक जमा नहीं हो सकी है। हालांकि कुछ दोषी विद्यार्थियों ने शैक्षणिक गतिविधियां शुरू जरूर कर दी हैं।




दरअसल दो माह पहले आरजीपीवी में रैगिंग और मारपीट के दो प्रकरण सामने आए थे। इसे लेकर आरजीपीवी ने दोनों मामलों में 12 से अधिक विद्यार्थियों पर जुर्माना लगाया था। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी बुलाया गया था। कुछ अभिभावक विवि पहुंच कर शपथ पत्र तक दे चुके हैं, लेकिन फिर भी दोषी विद्यार्थियों ने अपनी जुर्माना राशि जमा नहीं की है। कुछ तो राशि देने में आनाकानी तक कर रहे हैं और वे जुर्माना राशि कम कराने के लिए जोर लगा रहे हैं। वहीं विवि प्रबंधन का कहना है कि परीक्षा के लिए अभी फार्म भरे जाएंगे। उससे पहले विद्यार्थी जुर्माना राशि भरेंगे, तभी वे परीक्षा में बैठ सकेंगे। ज्ञात हो कि चार सितंबर को जूनियर्स से रैगिंग के मामले में 26 सितंबर को विवि के प्रशासन ने रैगिंग के दोषी विद्यार्थियों पर 25 हजार रुपये के साथ-साथ चार विद्यार्थियों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना लगाया वहीं 24 सितंबर को हुई रैगिंग के एक मामले में 10 विद्यार्थियों को दोषी मानते हुए 25-25 हजार और 10-10 हजार का जुर्माना लगाया गया। कुछ विद्यार्थियों ने जुर्माने की राशि जमा कर दी है, लेकिन कुछ ने अब तक राशि जमा नहीं की है।

# जीजी फ्लाईओवर

## पर्यावरण परिसर में लगा प्रदूषण जांचने वाले स्टेशन की रिपोर्ट पर संज्ञान नहीं ले रहे अधिकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा, बिठ्ठल मार्केट, 10 नंबर मार्केट अरेरा कॉलोनी समेत आसपास के क्षेत्रों में रिकार्ड वायु प्रदूषण की वजह जीजी फ्लाईओवर–मेट्रो और कोलार सिक्सलेन निर्माण से निकलने वाली धूल है। जिसने आम रहवासियों और व्यापारियों का जीना मुश्किल कर रखा है। इस प्रदूषण की ओर पर्यावरण परिसर में लगा आधुनिक स्टेशन पल–पल की रिपोर्ट दे रहा है लेकिन अधिकारी है कि संज्ञान ही नहीं ले रहे हैं।

हाल यह है कि दीपावली पर जलाए गए पटाखों का धुआं उड़ने के बावजूद इन क्षेत्रों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार पहुंच रहा है जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इन क्षेत्रों में बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी बढ़ गई है। दमा के मरीज अलग परेशान है।



असल में जीजी फ्लाईओवर और मेट्रो के लिए सावरकर सेतू से लेकर डीबी मॉल तक लंबे समय से काम चल रहा है। जगह–जगह सड़कों की खुदाई की गई थी। भारी वाहन चलाए गए थे। जिसके कारण सड़कों का बुरा है। अभी भी इस सड़क से भारी मात्रा में धूल फैल रही है जो आसपास के चार से पांच किलोमीटर क्षेत्र में फैल रही है।

इधर कोलार सिक्सलेन पर तो हाल और बुरे हैं। यहां एक वर्ष से काम चल रहा है, अलग–अलग हिस्सों में सड़क बनाई जानी थी लेकिन अधिकारी और ठेकेदार ने मिलकर एक साथ खुदाई कर दी और सड़क बनाने का काम बेहद धीमा है। यह काम काफी बड़ा है, जिसमें रिकार्ड धूल निकल रही है। लोगों को खिड़की दरवाजे बंद करके रहना पड़ रहा है। आवागमन करने वाले लोग तो परेशान है। तब भी अधिकारी केवल निरीक्षण पर निरीक्षण कर रहे हैं। हाल ही में कलेक्टर आशीष सिंह ने निरीक्षण किया था लेकिन हालत तब भी नहीं सुधरे है।

### पूर्व अपर मुख्य सचिव माथुर सम्मानित

**भोपाल।** माथुर सभा, का 'दीपावली मिलन' कार्यक्रम नाइन मसाला रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अपर मुख्य सचिव प्रेम प्रकाश माथुर सहित अनेक वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। सभा के अध्यक्ष अनिल माथुर पूर्व जनसंपर्क निदेशक,ने सभी का स्वागत किया और सभा की गतिविधियों का ब्योरा साझा किया। प्रेम प्रकाश माथुर ने सभा की महत्वपूर्ण जानकारी से परिपूर्ण 'स्मारिका' का विमोचन भी किया।

इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ देकर समां बाँध दिया। कपल्स ने अपने-अपने अंदाज में रैंप वाक करके खूब तालियाँ बटोरीं।

**मेट्रो एंकर** — **दीपावली मिलन, सम्मान समारोह एवं साधारण सभा**

# मृत्यु भोज परिवार तक सीमित रहेगा, सिंधी पंचायत का फैसला

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह, साधारण सभा की बैठक एवं खेल व मेडिकल क्षेत्र के प्रतिभागियों का सम्मान समारोह का आयोजित किया गया।

नव युवक सभा स्कूल भवन में सम्पन्न हुआ। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी की अध्यक्षता में आयोजित सभागृह में दीपावली मिलन की बधाई दी गई। पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पगडी (तीसरे) के दिन तेरहवी (बारहवां मृत्युभोज) पूर्णत प्रतिबंध रहेगा तथा तेरहवी के दिन भी मृत्युभोज रिश्तेदारों व करीबी लोगो तक सीमित रहेगा। आम लोगों को भी आमंत्रित नहीं किया जाएगा। ऐसी सूचना दाह संस्कार के पश्चात् श्रद्धांजलि देते समय दी जाएगी।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय में यह फैसला किया गया कि विवाह में जो समय निमंत्रण पत्र में निर्धारित किया जाए



***दादा वासवानी को याद किया:*** *इस अवसर पर साधु टी.एल वासवानी के जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन पर विचार रखे गए व उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन माधू चांदवानी व आभार जगदीश आसवानी ने प्रकट किया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष साबु रीझवानी, माधू चांदवानी, नरेश तोलानी, भरत आसवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी सहित पंचायत के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

उसी समय ही दुल्हा दुल्हन मंच पर पहुंच जाए ताकि आमंत्रित अतिथि उन्हे आशीर्वाद देकर भोजन ग्रहण कर सके। तीसरे निर्णय में पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा चैतीचांद पर लगभग 4000 सदस्यों के नाम, पता, फोटो एवं मोबाइल नंबर पत्रिका में प्रकाशित कराएगा। पत्रिका का विमोचन चैतीचांद पर्व पर किया जाएगा। समस्त सदस्यों पंचायत कार्यालय में 1 दिसम्बर से 29 फरवरी 2024 तक प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक पहुंचकर तैयार होने वाली सूची में अपनी जानकारी देवे। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाली नई सरकार से लम्बित पट्टों के निराकरण एवं बारह वर्षो से लम्बित सिविल अस्पताल का नामकरण साधु टी.एल वासवानी सिविल अस्पताल नाम दिये जाने का पुनः प्रयास करें।

कार्यक्रम के सम्मान समारोह में खेल व एमबीबीएस की पढाई पूरी कर डाक्टरी की डिग्री प्राप्त करने वाले हस्तियों का शाल, श्रीफल व मोमेन्टो देकर सम्मान किया गया। सम्मान होने वालो में स्वीमिंग, साइकिलिंग व रनिंग में आयरमेन किताब जितने वाले भारतीय लेखा परीक्षक के राज्यपत्र अधिकारी कमलेश चांदवानी, पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत कविता चांदवानी जिन्होने म.प्र. खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल के विधार्थी मुकुंद वलेछा ने अण्डर 19 वालीवाल प्रतियोगिता में स्टेट लेवल पर कई पुरस्कार जीते। इसके अलावा एमबीबीएस व बीडीएस की डिग्री प्राप्त करने वालो में डॉ. सत्येन्द्र आसवानी, डॉ. तराना आसवानी, डॉ सृष्टि भोजवानी, डॉ मुस्कान गुलानी, डॉ रितु रायसिंघानी, डॉ निखिलेश चोटरानी का सम्मान किया गया।

## टाइगर रिजर्व में होगी वन्यप्राणियों की गिनती

# बाघों के लिए चीतल, हिरण की आबादी कम तो नहीं हुई, पता लगाएंगे रिजर्व



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के टाइगर रिजर्वों में शाकाहारी व मांसाहारी वन्यप्राणियों की गिनती शुरू होगी। यह दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगी, जो अलग–अलग चरणों में चलेगी। इसमें दोनों तरह के वन्यप्राणियों को गिना जाएगा, ताकि रिजर्व में खाद्य जाल तंत्र संतुलित बना रहे। उल्लेखनीय है कि यह गिनती हर साल होती है जो रिजर्व अपने स्तर पर करते हैं। इसके लिए ठंड का ही सीजन अच्छा माना जाता है।

असल में प्रदेश के रिजर्वों में बाघों की आबादी तेजी से बढ़ी है। पिछले गिनती में 785 बाघों की मौजूदगी मिली है, इन्हें शिकार करने के लिए शाकाहारी वन्यप्राणियों की जरूरत होती है। इनमें सबसे उपर चीतल–हिरण होते हैं। जिस रिजर्व में इनकी संख्या कम होती है बाघों को शिकार के लिए अधिक चक्कर लगाने पड़ते हैं। ये बाहर भी निकल जाते हैं जहां आबादी से इनका टकराव होता है और नुकसान इंसानों को ही होता है।

### बाघों के बीच आपसी संघर्ष में होता है नुकसान, कई बार मौत भी हुई

दरअसल, अपनी मूल टेरेटरी से बाहर निकलते समय बाघों के बीच आपसी संघर्ष की स्थिति पैदा हो जाती है। जिसमें दो में से एक बाघ को नुकसान होता है। कई बार मौत हो जाती है। ये सभी खतरे भरपूर शिकार होने की स्थिति में कम होते हैं। कई बार जंगलों में हिरण व चीतल जैसे शाकाहारी वन्यप्राणियों की अचानक कमी हो जाती है या फिर मांसाहारी वन्यप्राणी बढ़ जाते हैं। जिसके कारण खाद्य तंत्र का संतुलन बिगड़ता है। इन तमाम स्थितियों को देखने के लिए वर्ष में एक बार टाइगर रिजर्व प्रबंधन यह गिनती कराता है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी रिजर्व प्रबंधन अपने–अपने स्तर पर यह गिनती कराते हैं। इनके आंकड़े सार्वजनिक रूप से जारी करने की बाध्यता नहीं होती है केवल यह खाद्य जाल को संतुलित करने के हिसाब से जरूरी होती है।

## बोर्ड परीक्षा को बचे दो माह, छमाही परीक्षा और प्री-बोर्ड पर ध्यान

# स्कूलों में शुरू हुई अतिरिक्त कक्षाएं अवकाश के दिनों में भी हो रही पढ़ाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू हो रही है। ऐसे में बोर्ड के विद्यार्थियों के पास मात्र दो माह का समय शेष है। वहीं इसके पहले 6 दिसंबर से छमाही परीक्षाएं और प्री-बोर्ड परीक्षाएं होनी हैं। ऐसे में परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने वाले स्कूलों ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत विद्यार्थियों की अतिरिक्त कक्षाएं भी लगाई जा रही हैं।

### इन स्कूलों में यह व्यवस्थाएं

सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में कमजोर व प्रतिभावान विद्यार्थियों का अलग-अलग ग्रुप बनाया गया है। इसमें प्रतिभावान विद्यार्थियों की शाम को ऑनलाइन कक्षाएं और कमजोर विद्यार्थियों के लिए सुबह आठ से नौ बजे तक अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रही है। अवकाश के दिन भी कक्षाएं लगाने के साथ साप्ताहिक टेस्ट लिए जा रहे हैं। सीएम राइज स्कूल शासकीय उमावि बरखेड़ी भोपाल में अवकाश के दिनों में भी कक्षाएं लगाई जा रही है। कक्षा में कमजोर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने का अभ्यास कराया जा रहा है। सीएम राइज स्कूल निशातपुरा में दशहरा व दीपावली से लेकर हर त्योहार और रविवार को भी कक्षाएं लगाई जा रही हैं। साथ ही हर दिन अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रही हैं।



### ओपन बोर्डः हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 15 दिसंबर से

मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रूक जाना नहीं योजना एवं आ लौट चले योजना के तहत हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा दिसंबर 2023 की समय सारणी जारी कर दी है। जारी समय सारणी के अनुसार, यह परीक्षा 15 दिसंबर से शुरू होंगी और 28 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। पहला पेपर गणित का रहेगा। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे रहेगा।

### स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन 30 तक, राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किए निर्देश

राज्य शिक्षा केंद्र ने निजी स्कूलों की सत्र 2024-25 की मान्यता प्रक्रिया को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र संचालक द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कलेक्टर के समक्ष लंबित प्रकरण वाले स्कूल 30 नवंबर तक निर्धारित विलंब शुल्क पोर्टल के माध्यम से जमा करने के साथ सत्र 2024-25 के मान्यता आवेदन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए स्कूल के द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि की राशि की सावधि जमा निक्षेप को उसे वापिस करते हुए उसका पुनः नवीनीकरण कराया जाना होगा।

## ईपीएफ में बढ़ोतरी का मामला

# मप्र समेत 20 राज्यों के निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी 12 दिसंबर को दिल्ली में जुटेंगे




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुरानी पेंशन ही नहीं, अब ईपीएफ में बढ़ोतरी की मांग भी तेज हो गई है। इसको लेकर निजी व केंद्र सरकार से सबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों ने सरकार की घेराबंदी तेज कर दी है। मप्र समेत 20 राज्यों के कर्मचारी 12 दिसंबर को दिल्ली के जंतर–मंतर मैदान में हुंकार भरेंगे। असल में लोकसभा चुनाव के पहले इन क्षेत्रों के कर्मचारी सरकार पर दबाव बना रहे हैं कि ईपीएफ पेंशन की राशि बढ़नी चाहिए, जो कि अभी 1000 से 2500 रुपये है। इस राशि से कर्मचारी कल्याण बिल्कुल नहीं हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी पूर्व में कह चुका है कि इन कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर वास्तविक वेतन की गणना के अनुरूप ईपीएफ पेंशन दी जाए लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। मामूली पेंशन से कर्मचारी नाराज है और इसको लेकर दिल्ली में जुटकर रणनीति तैयार करेंगे। निवृत्त कर्मचारी ( 1995 ) राष्ट्रीय समन्वय समिति के महासचिव चंद्रशेखर परसाई ने बताया कि ईपीएफ के पेंशन भोगियों एवं वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों को लेकर पिछले 10 साल से जंतर मंतर एवं रामलीला मैदान पर प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान अपनी मांगों पर करवा रही है ।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 से भगत सिंह कोशियारी कमेटी की रिपोर्ट संसद में लंबित है, तत्कालीन सांसद प्रकाश जावड़ेकर कहने पर राज्यसभा ने इसका गठन किया था, जिसमें 10 सांसद सम्मिलित थे।कोशियारी कमेटी ने प्रत्येक ईपीएफ के पेंशनभोगियों को 3000 रुपये प्रतिमाह मंहगाई भत्ता एवं उस पर प्रचलित दर से मंहगाई भत्ता देने की अनुशंसा की थी। समिति ने इन पेंशनभोगियों को मेडिकल सुविधा की सिफारिश भी की थी। सरकार से अंशदान बढ़ाने की अनुशंसा भी की थी। सरकार 1971 से अपना अंशदान 1.16 फीसदी दे रही है। सदस्यों से पेंशन फण्ड में 8.33 फीसदी मासिक के स्थान पर 8.96त्न कटौती की अनुशंसा भी हुई थी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन व केंद्र सरकार ने किसी भी अनुशंसा पर अमल नहीं किया। परसाई के मुताबिक पेंशनभोगी को 9000 रुपये प्रति माह मंहगाई भत्ता के साथ भुगतान किया जाए। सभी राज्यों में इस श्रेणी के 75 लाख 59 हजार पेंशनभोगी हैं। समिति के मध्यप्रदेश पदाधिकारियों अनिल वाजपेई, पीके परिहार, जेपी गौड़, महेश मालवीय, डॉ. एके निगम, प्रमोद हजारे, अजय श्रीवास्तव, हेमंत कपूर, अशोक सिंह सज्जन, महेश चन्द्र उपाध्याय, सीएस शर्मा, उषा मालवीय, गीता तिवारी, संजना रिछारिया ने जंतर मंतर के आन्दोलन में भाग लेने की अपील की है।

## इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी

# साइंस में 4 नए मास्टर प्रोग्राम शुरु होंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में अब 2024 सत्र से चार नए मास्टर प्रोग्राम शुरु करेगा। इग्नू साइंस में पीजी कोर्स पहली बार शुरू करने जा रहा है। इन सभी कोर्स में अभ्यर्थी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से प?ाई कर सकते हैं। इसमें एमएससी बॉयोकेमिस्ट्री, एमएससी जूलॉजी और एमएससी केमिस्ट्री कोर्स शामिल हैं। अकादमिक काउंसिल के बाद प्रोग्राम कमेटी ने भी इन चारों मास्टर प्रोग्राम को जनवरी सत्र से शुरू करने की मंजूरी दे दी है। इसी के तहत दिसंबर के पहले हफ्ते से ऑनलाइन आवेदन विंडो ओपन हो जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार सभी कोर्स को इग्नू की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र अपलोड होने के बाद भर सकेंगे। प्रबंधन के अनुसार, इन कोर्स के लिए अभ्यर्थियों को प्रैक्टिकल की सुविधा भी रहेगी। इसके लिए अध्ययन केंद्रों पर व्यवस्था की जाएगी।



# बीयू की वेबसाइट से डाउनलोड हो सकेंगे अब नोटिफिकेशन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मौखिक परीक्षा समाप्त होने के साथ ही पीएचडी अवॉर्ड के नॉटिफिकेशन विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर अपलोड कर दिया हैं। विद्यार्थी अब सीधे बीयू की वेबसाइट पर जाकर उन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। बता दें इससे पहले नोटिफिकेशन के लिए छात्रों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। अब से ऑनलाइन सुविधा से जोड़ दिया है। अक्टूबर एवं नवंबर माह में हुई सभी पीएचडी मौखिक परीक्षा के उपरांत छात्रों के नोटिफिकेशन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर डाले जा चुके हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन यह भी प्रयास कर रहा है कि पूर्व में हुए सभी पीएचडी के नोटिफिकेशन भी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर डाल दिए जाएं।

**मेट्रो एंकर** — उम्मीदवारों को मतगणना प्रशिक्षण

# ईवीएम व पोस्टल बैलेट को लेकर कांग्रेस सतर्क, मतों पर पैनी नजर रखने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कांग्रेस के उम्मीदवारों को मतगणना संबंधी प्रशिक्षण के दौरान अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रत्याशियों और अभिकर्ताओं से कहा कि मतगणना का कार्य बिना किसी भय और दबाव के साथ करें। कोई भी समस्या आने पर कांग्रेस प्रत्याशी और चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों को सूचित करें, ताकि कानूनी तरीके से उसका निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव में भी सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया है।**

उल्लेखनीय है कि नाथ भोपाल से बाहर हैं और इस बैठक में वे वचुर्अली जुड़े। उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने कहा कि मतदान के दिन जो ईवीएम मशीन सील करके स्टॉग रूम में रखी गई, उसका पूरी तरह निरीक्षण करें, किसी प्रकार की कोई त्रुटि पाये जाने पर निर्वाचन अधिकारी से तुरंत संपर्क कर किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी दें। मतगणना के हर राउंड और एक-एक मतों पर अपनी पैनी नजर रखें। शासकीय कर्मचारियों द्वारा किये गये पोस्टल वोट की गणना पूरे सतर्कता से करायें, किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश इस दौरान वहां नहीं होने दिया जाये। इस मौके पर वरिष्ठ अभिभाषक शशांक शेखर ने कांग्रेस प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए मतगणना के दौरान आने वाली समस्याओं के दौरान कानूनी प्रक्रिया को लेकर विधिक जानकारी से अवगत कराया। बूथ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र जोशी ने कहा कि काउंटिंग एजेंट मतगणना शुरू होने के पूर्व ही पहुंचे।



बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

सुविचार

अपनी जिंदगी में
अगर वाकई
कुछ हासिल
करना है तो,
अपने तरीकों
को बदलों अपने
इरादों को कभी
नहीं।।
- अज्ञात

संपादकीय

# इतिहास और भविष्य के बीच के तकाजे

स्कूली बच्चों को रामायर व महाभारत जैसा ग्रंथों के पाठ पठाने की सिफारिश पर इस वक्त देश भर में बहस का दौर है। एनसीईआरटी की सात सदस्यों वाली उच्चस्तरीय समिति ने हाल ही में इसकी सिफारिश की है। यह यदि लागू हुई तो सातवीं से 12वीं तक के बच्चों को सोशल साइंस के सिलेबस के तहत रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य पढ़ाये जायेंगे। हालांकि इस आशय की सिफारिशें पहले भी दी गई हैं तथा हाल के बरसों में यह पहली बार नहीं है कि जब एनसीईआरटी की सिफारिशों पर विवाद हुआ हो। बहरहाल,समिति ने माना है कि कुछ एजुकेशन बोर्ड स्टूडेंट्स को रामायण पढ़ाते हैं, लेकिन वहां इन्हें मिथक के रूप में पढ़ाया जाता है। अगर समिति की सिफारिशों को मान लिया गया तो स्कूलों में स्टूडेंट्स को इतिहास की कक्षा में रामायण और महाभारत पढ़ाई जा सकती है। लेकिन इतिहास और मिथक के बीच की सीमा का इस तरह धुंधला होना कोई अच्छी बात नहीं कही जा सकती। इसके कई तरह के नुकसान आगे चलकर देखने को मिल सकते हैं। भारतीय समाज में मिथकों की बड़ी खास जगह रही है। मिथकीय कहानियां हमारे रोजमर्रा के जीवन, रहन-सहन और बोलचाल का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इतिहास इस लिहाज से एक रूखा विषय है कि इसमें घटनाओं, लड़ाइयों और तारीखों का अंतहीन ब्योरा अक्सर इसे सिरदर्द बना देता है। छात्रों के लिए तो यह एक कठिन विषय हो ही जाता है, एक समाज के रूप में भी भारत में इतिहास के इस रूप को ज्यादा तरजीह नहीं मिली। घटनाओं के ब्योरों में जाने के बजाय कहानियों के रूप में उन घटनाओं से निकले सबकों और मूल्यबोध को स्थायी रूप देना यहां ज्यादा जरूरी माना गया। संभवतः इसी का परिणाम है कि एक समाज के रूप में हम घटनाक्रम और उसके कारण शक्ति समीकरणों में आने वाले तात्कालिक बदलावों के ब्योरों पर दृष्टि जमाए रखने के बजाय जीवन को गति देने वाले उदात्त और सनातन मूल्यों को कहानियों में पिरोकर उन्हें सुरक्षित रखने पर ज्यादा ध्यान दे सके। हालांकि वे मिथक आज भी हमारे जीवन, आचरण और मूल्यबोध को स्वरूप देने में इतनी अहम भूमिका निभाते हैं, जितनी दुनिया के शायद ही किसी समाज में निभाते हों। इन सबके बावजूद इन्हें इतिहास का हिस्सा बनाने से परहेज करना जरूरी है। औपचारिक तौर पर इतिहास लिखने और उसका अध्ययन करने की प्रवृत्ति पश्चिम की देन है। उनका कहना है कि आगे बढ़ने के लिए अतीत की गलतियों से सबक लेना जरूरी है लेकिन व्यवहार में अतीत पर ज्यादा जोर हमारी समझ को परिपक्व बनाने के बजाय पुराने हिसाब-किताब बराबर करने की भावना को भी बढाता है। वैसे तो, एक विषय के रूप में इतिहास को पढ़ना या समझना गलत है लेकिन इसका अध्ययन करते हुए वस्तुपरकता, तटस्थ दूरी बरतने की समझ जरूरी है ताकि अतीत की परछाईं हमारे वर्तमान और भविष्य के तकाजों को धुंधला न करने लग जाए। आज भारत की शिक्षा व्यवस्था को बहुत बेहतर नहीं कहा जा सकता, खासतौर पर स्कूली शिक्षा को। क्योंकि देश में राज्य सरकारों का पाठ्यक्रम कुछ अ लग होता है और केंद्रीय स्कूलों का अलग होता है। इसके अलावा सरकारी स्कलों की हालत भी किसी से छिपी नहीं हैं। सभी शिक्षक भी दक्ष नहीं हैं। ऐसे वक्त में जब हमारी नई पीढी को व्यवहारिक व अन्य देशों के समकक्ष खड़ा करने का माद्दा रखने वाली शिक्षा की जरूरत है, जो उन्हें बदलती दुनिया के तरीके व इसमें रोजगार के लिये तैयार करे। यह सही है कि हमारे वर्तमान के पीछे हमारा इतिहास भी होता है, जो हमें सही गलत का बोध कराता है, मगर यह भी जरूरी है कि इतिहास और वर्तमान के साथ ही भविष्य के बीच शैक्षिक तौर पर भी संतुलन रहे।

निशाना

फार्मूला तय !



-कृष्णेन्द्र राय


बन गई है बात ।
फार्मूला तय ।।
लड़ना इतनी सीटों पर ।
मिल रही है लय ।।
नई नई है बात चली ।
चर्चा इस प्रकार ।।
साथ आगे रहने का ।
बन रहा आधार ।।
मंच से इसे सार्वजनिक ।
है झटपट कर डाला ।।
कोशिश में हैं आगे भी ।
लौटे ये उजाला ।।
और इशारों में ही ।
है किए प्रहार ।।
शायद दिखे और भी ।
नया चमत्कार ।।

आज का इतिहास

- 1001 - हिंदू शासक जयपाल को आक्रमणकारी महमूद गजनी ने हराया।
- 1095 - पोप अर्बन द्वितीय ने पहले करूसेड (धर्मयुद्ध) का उपदेश दिया।
- 1795 - पहले बांग्ला नाटक का मंचन हुआ।
- 1807 - पुर्तग़ाल के शाही परिवार ने नेपोलियन की सेना के भय से लिस्बन छोड़ा।
- 1815 - पोलैंड साम्राज्य ने संविधान अपनाया।
- 1895 - अल्फ्रेड नोबेल ने नोबेल पुरस्कार की स्थापना की।
- 1912 - अल्बानिया ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- 1932 - पोलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ ने अनाक्रमण समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- 1995 - मिर वेनेजुएला जौकेलीन एग्वीलेरा मार्कानो मिस वर्ल्ड 1995 चुनी गईं।

# बाबा रामदेव कहीं धीरेन्द्र ब्रह्मचारी की तरह फ्लाइंग गुरु नहीं बन जाएं

आलोक मेहता



बाबा रामदेव ने योग के प्रचार प्रसार के साथ न केवल सत्ता की राजनीति में प्रभाव बनाया , बल्कि अब देशी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को चुनौती देते हुए दवाइयों के व्यापार से अपना आर्थिक साम्राज्य सा खड़ा कर लिया है। विभिन्न राज्यों में जमीन लेने और दवाइयों और घातक बीमारियों से बचाव के दावों से विवादों में उलझते जा रहे हैं। इसलिए भारत में नेहरू इंदिरा सत्ता काल में योग शिक्षा से सरकारों में प्रभाव और जमीनों , विमानों की खरीदी तथा हथियारों की फैक्ट्री और धंधों के कारण संकट में पड़ गए थे । उन्हें फ़्लाइंग गुरु कहा जाता था । भारत के पहले समाचार टेलीविज़न दूरदर्शन से धीरेन्द्र ब्रह्मचारी ने योग शिक्षा शुरु की थी , लेकिन बहुत धंधा करने पर रातोंरात वह कार्यक्रम बंद हुआ था। बहरहाल यह स्वीकारना होगा कि बाबा रामदेव के योग प्रचार और आयुर्वेद के उपयोग पर भी किसीको आपत्ति नहीं है। उनके गलत दावों और व्यापार के लिए देश दुनिया में कमाई , जमीन लेने , नियम कानून का पालन नहीं करने के आरोप गंभीर हैं। वह तो सुप्रीम कोर्ट को भी चुनौती दे रहे हैं कि चाहे एक हजार करोड़ का जुर्माना करें या फांसी की सजा दे दें , उनके दावे दवा इलाज ही सही है ।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों बाबा रामदेव और उनकी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को फटकार लगाई है। मॉडर्न मेडिसिन सिस्टम यानी आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ भ्रामक दावे और विज्ञापन प्रचार करने को लेकर ये फटकार लगाई गई है। भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की थी।जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा- पतंजलि आयुर्वेद को सभी झूठे और भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करना होगा। कोर्ट ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना भी लगा सकता है। इसके बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि पतंजलि आयुर्वेद भविष्य में ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि प्रेस में उसकी ओर से इस तरह के कैज़ुअल स्टेटमेंट न दिए जाएं। बेंच ने यह भी कहा कि वह इस मुद्दे को %एलोपैथी बनाम आयुर्वेद% की बहस नहीं बनाना चाहती बल्कि भ्रामक चिकित्सा विज्ञापनों की समस्या का वास्तविक समाधान ढूंढना चाहती है।

बेंच ने भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि केंद्र सरकार को समस्या से निपटने के लिए एक व्यवहारपूर्ण समाधान ढूंढना होगा। कोर्ट ने सरकार से कंसल्टेशन के बाद कोर्ट में आने को कहा है। इस मामले पर अगली सुनवाई 5 फरवरी 2024 को होगी।पिछले साल भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कोर्ट ने एलोपैथी जैसी आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ बयान देने के लिए बाबा रामदेव को फटकार लगाई थी । तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना ने तब कहा था बाबा रामदेव अपनी चिकित्सा प्रणाली को लोकप्रिय बना सकते हैं, लेकिन उन्हें अन्य प्रणालियों की आलोचना क्यों करनी चाहिए। हम सभी उनका सम्मान करते हैं, उन्होंने योग को लोकप्रिय बनाया लेकिन उन्हें अन्य प्रणालियों की आलोचना नहीं करनी चाहिए ।

रामदेव बाबा ने दावा किया था कि उनके प्रोडक्ट कोरोनिल और स्वसारी से कोरोना का इलाज किया जा सकता है। इस दावे के बाद कंपनी को आयुष मंत्रालय ने फटकार लगाई और इसके प्रमोशन पर तुरंत रोक लगाने को कहा था। 2015 में कंपनी ने इंस्टेंट आटा नूडल्स लॉन्च करने से पहले फूड सेफ्टी एंड रेगुलेरिटी ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (स्नस्स्न्ढ्ढ) से लाइसेंस नहीं लिया था। इसके बाद पतंजलि को फूड सेफ्टी के नियम तोड़ने के लिए लीगल नोटिस का



सामना करना पड़ा था । 2015 में कैन्टीन स्टोर्स डिपार्टमेंट ने पतंजलि के आंवला जूस को पीने के लिए अनफिट बताया था। इसके बाद सीएसडी ने अपने सारे स्टोर्स से आंवला जूस हटा दिया था। 2015 में ही हरिद्वार में लोगों ने पतंजलि घी में फंगस और अशुद्धियां मिलने की शिकायत की थी। 2018 में भी स्नस्स्न्ढ्ढ ने पतंजलि को मेडिसिनल प्रोडक्ट गिलोय घनवटी पर एक महीने आगे की मैन्युफैक्चरिंग डेट लिखने के लिए फटकार लगाई थी। कोरोना के अलावा, रामदेव बाबा कई बार योग और पतंजलि के प्रोडक्ट्स से कैंसर, एड्स और होमोसेक्सुअलिटी तक ठीक करने के दावे को लेकर विवादों में रहे हैं।

पतंजलि फूड्स के नए प्रोडक्ट लॉन्च करने के मौके पर बाबा रामदेव ने कहा था कि अभी पतंजलि ग्रुप का टर्नओवर करीब 45 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक है और दुनिया में क़रीब 200 करोड़ और भारत में 70 करोड़ लोगों तक हमारी पहुंच है। बाबा रामदेव ने अनाज, दूध की तरह खाद्य तेलों में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने का अपना विजन रखते हुए कहा है कि 20 लाख एकड़ जमीन पर पाम प्लांटेशन का काम करना। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में पतंजलि का टर्नओवर 1 लाख करोड़ तक करने का लक्ष्य रखा गया है, जो अभी पतंजलि ग्रुप का टर्नओवर करीब 45 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक है। एक लाख करोड़ रुपये कारोबार का लक्ष्य हासिल करने में समूह की कंपनी पतंजलि फूड्स ( पूर्व में रुचि सोया ) अहम भूमिका निभाएगी।

बाबा रामदेव ने दावा किया है कि पतंजलि खुद पाम ऑयल का उत्पादन करेगा। इसकी खेती के लिए 40 से 50 हजार किसान पतंजलि से जुड़ चुके हैं और आने वाले समय में किसानों की संख्या 5 लाख तक करनी है। ऐसे में पतंजलि में पाम ऑयल का उत्पादन शुरू होने से 5 लाख किसानों को सीधे रोजगार मिल सकेगा। असम, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सहित 12 राज्यों में किसान पतंजलि से जुड़कर पाम ऑयल की खेती कर रहे हैं। अभी बंजर जमीन समेत उस जमीन पर प्लांटेशन हो रहा है, जो उपजाऊ नहीं है। इससे जंगल बढ़ेगा, पेड़ बढ़ेंगे, आक्सीनजन की मात्रा बढ़ेगी, बारिश ज्यादा होगी, जमीन उपजाऊ होगी और किसान की समृद्धि बढ़ेगी। पर्यावरण का नुकसान का सवाल ही नहीं है। खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि खाद्य तेलों में पतंजलि की ओर से सालाना दस लाख टन का प्रोडक्शन हो सकेगा। यह पांच साल का प्रोजेक्ट है। एक दिन में पाम बोया जाता है, लगभग 35 से 40 साल तक चलता है।

पतंजलि फूड्स के नए प्रोडक्ट लॉन्च करने के मौके पर बाबा रामदेव ने कहा कि अभी पतंजलि ग्रुप का टर्नओवर करीब 45 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक है और दुनिया में क़रीब 200 करोड़ और भारत में 70 करोड़ लोगों तक हमारी पहुंच है। उन्होंने कहा कि हमने कई विदेशी कंपनियों को शीर्षासन कराकर भारतीय बाज़ार से विदा किया है। पतंजलि फूड्स ने 14 नए प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। पतंजलि फूड्स ने प्रीमियम प्रोडक्ट लॉन्च करने के अभियान में बिस्कुट, न्यूट्रेला के बाजरे से बने उत्पाद और प्रीमियम सूखे मेवों समेत कई उत्पाद लॉन्च किए । बाबा रामदेव ने कहा कि पतंजलि ने गाय के घी का 1500 करोड़ रुपये का ब्रांड बनाया है और जल्द ही पतंजलि की तरफ से बफेलो घी भी लॉन्च किया जाएगा। पतंजलि फूड्स लिमिटेड का नाम पहले रुचि सोया इंडस्ट्रीज था और पतंजलि के इसका अधिग्रहण करने के बाद रुचि सोया का नाम बदलकर पतंजलि फूड्स किया है।

पतंजलि का नाम सामने आते ही हर किसी के जेहन में बाबा रामदेव की तस्वीर उतर आती है । ज्यादातर लोगों को यही लगता है कि बाबा रामदेव ही इस कंपनी के असली मालिक हैं, लेकिन वास्तविकता इससे इतर है। पतंजलि की शुरुआत साल 2006 में हरिद्वार से हुई थी और योग गुरु बाबा रामदेव शुरुआत में इस कंपनी के सिर्फ ब्रांड प्रमोटर थे. कॉरपारेट मंत्रालय के अनुसार, कंपनी की 93 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी आचार्य बालकृष्ण के पास है, जो अभी पतंजलि आयुर्वेद के एमडी, चेयरमैन और सीईओ हैं। बाबा रामदेव की कुल संपत्ति करीब 20 हजार करोड़ रुपये है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्?सा रॉयल?टी के तौर पर आता है। बाबा रामदेव कंपनी के ब्रांडिंग प्रमोटर हैं और कंपनी की मार्केटिंग के लिए योग गुरु के तौर पर अपने चेहरे का इस्तेमाल करते हैं। बालकृष्ण सुवेदी, जिन्हें आचार्य बालकृष्ण के नाम से जाना जाता है, उनके माता-पिता नेपाल के रहने वाले थे और बाद में भारत आ गए थे। हरियाणा के एक गुरुकुल में साल 1995 में उनकी मुलाकात बाबा रामदेव से हुई थी। शुरुआत में उन्होंने दिव्य फार्मेसी के नाम से कारोबार शुरू किया, जो बाद में पतंजलि ब्रांड बन गया. कंपनी में शीर्ष पदों पर भर्ती से लेकर मार्केटिंग और ब्रांडिंग तक सभी काम आचार्य बालकृष्ण ही देखते हैं। करीब 40 हजार करोड़ रुपये के पतंजलि समूह के मालिक और सीईओ आचार्य बालकृष्ण हैं। समूह के तहत वे करीब 34 कंपनियों और तीन ट्रस्ट की अगुवाई करते हैं । बाबा रामदेव को गाड़ियों का काफी शौक है। योग गुरू को हाल ही में Mahindra XUV 700 को चलाते हुए देखा गया है। सोशल मीडिया पर शेयर एक वीडियो में रामदेव अपने साथी के साथ नई कार में घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बाबा रामदेव जिस XUV700 को चलाते हुए देखे गए हैं, उसमें पैनोरमिक सनरूफ दिखाई दे रहा है, इसका मतलब साफ है कि ये गाड़ी टॉप मॉडल है। उन्हें कुछ समय पहले जगुआर एक्सजे एल में देखा गया था। बालकृष्ण के पास लैंड रोवर रेंज रोवर लग्जरी गाड़ी है।बाबा रामदेव एक उत्साही बाइकर रहे हैं। अब तो वह विशेष निजी विमानों से देश विदेश की यात्राएं भी करने का दावा करने लगे हैं। धीरेन्द्र ब्रह्मचारी विमानों के शौक़ीन थे और योग शिक्षा के लिए जयप्रकाश नारायण और डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के साथ पंडित नेहरू और श्रीमती इंदिरा गाँधी को प्रभावित कर बाद में सत्ता की राजनीति तथा आर्थिक धंधों में लग गए थे। बाबा रामदेव ने भी योग के जरिये ही देश के विभिन्न दलों के नेताओं और फिर अन्ना आंदोलन के बाद भाजपा की सत्ता का हर संभव लाभ उठाते रहे हैं । लेकिन योग से अधिक कंपनियों के व्यापार से आर्थिक साम्राज्य बना रहे हैं। लेकिन नियम कानून की अनदेखी और अहंकार के साथ यह आर्थिक उड़ानें कहीं उनके लिए गंभीर संकट न पैदा कर दे।

# जनादेश के जनतंत्र में संख्याओं का सफर

मनोज मीक

2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के गहन विश्लेषण की यात्रा पर निकलें तो यह चुनाव न केवल मतदान के आंकड़ों की कहानी कहता है बल्कि यह राजनीतिक रणनीतियों, सामाजिक प्रभावों, और आधुनिक चुनावी अभियान के नए आयामों का भी परिचय कराता है। यह चुनाव न केवल राजनीतिक उलटफेर की कहानी कहता है बल्कि विभिन्न आयुवर्ग और महिला-पुरूष मतदाताओं का व्यवहार तथा सामाजिक न्याय के परिवर्तनों की गहराई को भी उजागर करता है। इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच की प्रतिस्पर्धा ने नए राजनीतिक परिदृश्य का निर्माण किया।वोट शेयर के परिणामी आँकड़े तय करेंगे कि किसने बढ़त बनाई, लेकिन दोनो मुख्य दलों का प्रचार प्रदर्शन काफी लुभावना रहा। निरंतरता की नीरसता, कृषि कष्ट, कमाई, महंगाई, रोजगार, और जातिगत न्याय जैसे मुद्दों ने मतदाताओं के निर्णय को काफी प्रभावित किया लगता है। इन मुद्दों पर दलों की स्थिति और उनके द्वारा किए गए वादे चुनावी परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। ओपिनियन पोल्स और विश्लेषकों की गणनाओं के औसत के अनुसार भाजपा को लगभग 40त्न वोट शेयर हासिल हो सकता है, जो पिछले चुनावों की तुलना में थोड़ा कम दिखाता है। कांग्रेस का वोट शेयर लगभग 41त्न रह सकता है, जिससे दोनों प्रमुख दलों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का पता चलता है। द्विदलीय राज्य में क्षेत्रीय दल और निर्दलीय उम्मीदवार भी कुल वोट शेयर में योगदान देते रहे हैं, जो स्थानीय, जातिगत और व्यक्तिगत जनतंत्रीय प्रभावों को दर्शाता है।

चुनाव में क्षेत्रीय मुद्दों में विशेष रूप से कृषि समस्याएँ, आमदनी, सत्ताधारी नेताओं के आचरण, स्थानीय विकास और रोजगार के मुद्दों ने कई क्षेत्रों में मतदान के निर्णय को प्रभावित किया। छोटे दल और निर्दलीय को टाइट फाइट मे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वोट शेयर मिल सकता है, जिससे बड़े दलों की रणनीतियों पर प्रभाव पड़ेगा। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग युवा मतदाताओं को आकर्षित करने और मिथ्या प्रचार सहित विभिन्न मुद्दों पर जागरुकता बढ़ाने में केंद्रीय रहा है। टेलीविजन और प्रिंट मीडिया ने भी चुनावी मुद्दों और उम्मीदवारों की छवि को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया. संमृद्ध संसाधनों वाले दल व प्रत्याशी स्वयं को अद्वितीय दिखाते रहे।




बाहरी राजनीतिक परामर्शदाताओं, पार्टी के रणनीतिकारों, प्रोफेशनल फैलोज़, डेटा एवं एआई विशेषज्ञों के रोल ने इस चुनाव को आधुनिक और अनुसंधानात्मक बनाया। इस एआई एरा में मेरा अनुभव है कि आँकड़ों के अनुसंधान हमें अनुमानों के अतिरेक से आहत नहीं होने देते। युवा मतदान की शक्ति के तहत 18-29 आयु वर्ग में 1,41,34,168 युवा मतदाता सक्रिय हैं जिनके मुद्दे रोजगार और शिक्षा हैं। मध्यम आयु वर्ग के मतदाता में 30-39 वर्ग के 1,44,14,970 और 40-49 वर्ग के 1,06,97,272 मतदाता आर्थिक स्थिरता और गुणवत्ता शिक्षा को महत्व देते हैं। वरिष्ठ मतदाता श्रेणी में 50-59 वर्ग के 75,61,044 और 60-69 वर्ग के 43,76,889 मतदाता स्वास्थ्य सेवाओं और पेंशन सुविधाओं पर केंद्रित हैं। वरिष्ठतम मतदाता 70-79 वर्ग के 20,63,272 और 80+ वर्ग के 7,40,261 मतदाता सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्राथमिकता देते हैं। महिला मतदान प्रतिशत के मामले में लाडली बहना योजना ने 76.03त्न महिला मतदान प्रतिशत को प्रभावित किया है. लिंग समानता और सामाजिक परिवर्तन को प्रदर्शित किया है।

राजनीतिक परिवर्तन और चुनौतियाँ- 2020 में राजनीतिक संकट के बाद, जिसमें कांग्रेस के 22 विधायकों ने पार्टी छोड़ी और भाजपा में शामिल हो गए, राज्य की राजनीतिक दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ। इस घटना ने राज्य की राजनीतिक संरचना में नए आयाम जोड़े हैं, परिणाम बतायेंगे कि इस अनैतिक घटना से कौन कितना आहत हुआ है। दो चुनावों के मध्य सत्ता परिवर्तन के नये प्रयोग ने एनालिटिकल कैपेबिलिटीज़ को प्रभावित किया है अतः हम आश्चर्यजनक परिणामों की अपेक्षा कर सकते हैं। इसी प्रकार मप्र में 162 स्विंग सीटें हैं जो राज्य की कुल सीटों का लगभग 70 प्रतिशत हैं, चुनावी अभियानों का केंद्रबिंदु बनी हुई हैं. इनका चुनावी परिणामों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा. 2018 के चुनावों में कांग्रेस ने इन स्विंग सीटों पर बड़ी जीत हासिल की, यह वृद्धि उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है। 2003 से 2023 तक के चुनावी आंकड़ों के अनुसार, कुल मतदान प्रतिशत में स्थिर वृद्धि देखने को मिली है. 2003 में जहां कुल मतदान प्रतिशत 67.25त्न था, वहीं 2023 में यह बढ़कर लगभग 77.15त्न हो गया है। कुछ विशेष निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान रुझानों ने उल्लेखनीय बदलाव दिखाया. उदाहरण के लिए, ग्वालियर, इंदौर, और भोपाल जैसे शहरी क्षेत्रों में, विकास और स्थानीय मुद्दों ने मतदान प्रवृत्तियों को प्रभावित किया। 2013 से 2023 तक, हमने जिला-वार मतदान प्रतिशत में स्पष्ट वृद्धि देखी है. उदाहरण के लिए, श्योपुर जिले में पुरुष मतदान प्रतिशत 2013 में 76.69त्न से बढ़कर 2023 में 82.52त्न हो गया, जबकि महिला मतदान प्रतिशत 73.02त्न से बढ़कर 79.38त्न हो गया. इसी तरह, विजयपुर में महिला मतदान प्रतिशत में अद्वितीय वृद्धि देखी गई, जो 72.97त्न से बढ़कर 81.15त्न हो गई. मुरैना, भिंड, और ग्वालियर जैसे जिलों में भी मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है.

**लिंग अनुपात और मतदान प्रवृत्ति :** इसी अवधि में महिला और पुरुष मतदान प्रतिशत में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया है. 2003 के चुनाव में पुरुष मतदान प्रतिशत 71.94त्न था, जबकि महिला मतदान प्रतिशत 62.14त्न था. 2023 तक आते-आते यह अंतर काफी कम हो गया है, जिसमें पुरुष मतदान प्रतिशत लगभग 78.21त्न और महिला मतदान प्रतिशत 76.03त्न तक पहुँच गया है. जहां 2003 में महिला और पुरुष मतदान में लगभग 10त्न का अंतर था, वहीं 2023 में यह अंतर 2त्न से भी कम हो गया है। ऐतिहासिक चुनावी डेटा से तुलना - 2013 और 2018 के चुनावी डेटा की तुलना में 2023 में एक नई प्रवृत्ति देखने को मिलती है. जहां 2013 में भाजपा को अपेक्षाकृत अधिक सीटें प्राप्त हुई थीं, वहीं 2018 में कांग्रेस ने अपनी सीटों में वृद्धि की थी. 2023 के ओपिनियन पोल्स के अनुसार, इस बार भी कांग्रेस को सीटों में वृद्धि होती दिखाई दे रही है।जमीनी स्तर पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने अपने-अपने विजयी अभियानों में कोई कसर नहीं छोड़ी. जहाँ भाजपा ने लाभार्थियों और केंद्रीय नीतियों को आगे रखा, वहीं कांग्रेस ने प्रान्तीय व स्थानीय भविष्य तथा विकेंद्रीकरण को प्राथमिकता दी।

**राजनीतिक परिदृश्य में आगामी बदलाव:** चुनाव परिणाम मध्यप्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य में नए बदलाव की भूमिका निर्धारित करेंगे। इसके परिणाम गठबंधनों, स्थानीय और राष्ट्रीय राजनीति पर दीर्घकालिक प्रभाव डालेंगे. यह विश्लेषण हमें न केवल राज्य की राजनीतिक दशा का आईना दिखाता है, बल्कि आगामी चुनावों के लिए भी महत्वपूर्ण संकेत प्रदान करता है. इस विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि मतदाताओं की प्राथमिकताएँ, सामाजिक-आर्थिक मुद्दे और राजनीतिक रणनीतियां किस प्रकार राज्य की राजनीतिक दिशा को आकार दे रही हैं।

**(लेखक डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जानकार हैं व कांग्रेस से जुड़े हुए हैं, यह उनके विचार हैं)**

### दक्षिण भारत में बनाए जाने वाले व्यंजनों को किया गया तैयार

# पचमढ़ी पर्यटन स्थल पर दक्षिण भारतीय व्यंजनों का पर्यटकों ने उठाया आनंद



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी अपने नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध होने के साथ मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं नर्मदापुरम जिला प्रशासन के मार्गदर्शन द्वारा पचमढ़ी में आने वाले अतिथियों के स्वागत व मनोरंजन हेतु आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों लिए भी प्रसिद्ध है। इसी श्रृंखला में मध्य प्रदेश पर्यटन पचमढ़ी द्वारा होटल अमलतास में साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसमें दक्षिण भारत में बनाए जाने वाले व्यंजनों को तैयार किया गया व पचमढ़ी के प्राकृतिक सौंदर्य में अतिथियों को परोसे गए। साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल में पूरा निगम परिवार साउथ इंडियन परिवेश में नजर आया व अतिथियों को भोजन भी केले के पत्तों में सर्व किया गया जो कि उक्त कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।आयोजन में शामिल अतिथियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए बताया गया कि यह एक अद्भुत एवं बेहद सराहनीय आयोजन था, मध्य प्रदेश में रहते हुए हमें केरल व अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों का अनुभव प्राप्त हुआ, हमारी यात्रा यादगार बनाने हेतु हम पर्यटन निगम परिवार पचमढ़ी को बधाइयां व शुभकामनाएं देते हैं।

उक्त आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन मुख्यालय भोपाल से आए महाप्रबंधक एस पी सिंह के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ। श्री सिंह द्वारा बताया गया कि पचमढ़ी मैं देश व विदेश के अतिथियों के आवागमन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन पचमढ़ी अपनी विभिन्न इकाइयों में निरंतर इस प्रकार के आयोजन करता आ रहा है, जिसके सकारात्मक प्रभाव नजर आ रहे हैं व निरंतर पचमढ़ी में पर्यटकों के आगमन में वृद्धि हुई है वह भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहेंगे, जिससे पचमढ़ी को देश व विदेश में एक अलग पहचान प्राप्त हो सके। महाप्रबंधक श्री सिंह द्वारा पर्यटन परिवार पचमढ़ी व होटल अमलतास टीम की सराहना करते हुए फूड फेस्टिवल के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी । उक्त आयोजन में क्षेत्रीय प्रबंधक अमानुल्लाह खान, प्रबंधक एच एस दंडोतिया, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, नितिन कटारे, अनिल राय व आशीष गुप्ता ने अपना सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### 16 दिसंबर को एसएनजी स्टेडियम में होगा आयोजन

# छात्र-छात्राओं पर आधारित होगा अनुगूंज कार्यक्रम



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम 16 दिसंबर 2023 को शासकीय एस एन जी स्टेडियम में होगा।

कार्यक्रम में शासकीय स्कूलों के कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राएं ही हिस्सा ले सकेंगे। पिछले वर्ष भी यह कार्यक्रम नर्मदापुरम में आयोजित किया गया था, जो कि प्रदेश में नंबर वन रहा था। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर 14 प्रकार की समितियो का गठन किया गया है। कोरियोग्राफर विशाल सिंह एवं कमल झा के द्वारा शासकीय हाई स्कूल रसूलिया, शासकीय एस पी एम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या शाला नर्मदापुरम, शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का चयन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य, लोक नृत्य, पारंपरिक ऐतिहासिक नाट्य रूपांतरण का आयोजन किया जाएगा। शासकीय विद्यालयो में छिपी प्रतिभाओं को सही मंच पर लाना एवं चौमुखी विकास करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। अनुगूंज कार्यक्रम छात्र-छात्राओं पर ही आधारित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन भी छात्र-छात्र ही करेंगे। इसके लिए कोरियोग्राफर द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिछले वर्ष भी संभाग स्तरीय कार्यक्रम राज्य स्तर पर सराहा गया था।

# अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों को मतगणना संबंधी दिया प्रशिक्षण

### मतगणना स्थल पर मोबाइल रहेगा प्रतिबंध



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले में 3 दिसंबर को संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदापुरम में मतगणना का कार्य संपन्न होना है जिसको दृष्टिगत रखते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा राकेश खजूरिया द्वारा तहसील कार्यालय सिवनी मालवा में अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दलों का मतगणना संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में मतगणना संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए मतगणना अभिकर्ता नियुक्ति हेतु प्रारूप 18 भी अभ्यर्थी एवं राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराया गया साथ ही मतगणना गोपनीयता संबंधी घोषणा के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा बताया गया कि विधानसभा सिवनी मालवा की मतगणना हेतु 14 टेबल मतगणना के तथा तीन टेबल डाक मत पत्र के लगाए जाएंगे मतगणना नियुक्ति के परिचय पत्र 29 नवंबर 2023 तक तहसील कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें जिससे कि समय सीमा में परिचय पत्र समय सीमा में प्रदान किया जा सके मतगणना स्थल पर मोबाइल पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा सभी अभ्यर्थियों को मतगणना नियुक्ति के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग की पुस्तिका दी गई आहूत किए गए प्रशिक्षण में सभी अभ्यर्थी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हरदा ने नर्मदापुरम टीम को 47 रनों से किया पराजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही स्वर्गीय अनिल परते स्मृति अंडर -18 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में हरदा टीम ने अपने स्कोर से आगे खेलते हुए 150 रन बनाए टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए दिग्विजय सिंह 34 रन, वंश राज 33 रन तथा संस्कार सारंग ने 33 रन का योगदान दिया। नर्मदापुरम टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए विधान दुबे ने 29 रन देकर 5 विकेट लिए तथा लव दुबे ने दो विकेट का योगदान दिया। इसके पश्चात नर्मदापुरम टीम ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 131 रन बनाएं। हरदा टीम की तरफ से दूसरी पारी में गेंदबाजी करते हुए अक्षत सिंह सोलंकी ने सर्वाधिक 3 विकेट तथा वंशराज 3 विकेट का योगदान दिया। इसके पश्चात हरदा टीम ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट खोकर 55 रन बनाएं। इस तरह हरदा टीम ने नर्मदापुरम टीम को पहली पारी की 47 रनों की बढ़त के आधार पर पराजित किया। मैच के अंपायर सुनील कालोसिया एवम राजीव दुबे और चयनकर्ता सुनील शर्मा थे।

# देर रात हुई अचानक बारिश से किसानों के चेहरों पर आई चमक



**सिवनी मालवा।** मौसम के अचानक करवट बदलने से सिवनी मालवा क्षेत्र में देर रात रिमझिम बारिश होती रही जिससे टेल क्षेत्र और पहाड़ियों में बसे आदिवासी जहां पर पानी की कमी होने से अचानक बारिश होने से किसानों के चेहरे पर चमक दिख रही है। आदिवासी क्षेत्र के किसानों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में पहले बोनी हुई है अचानक बारिश से चने की फसलों के लिए अमृत की बरसात साबित होगी वही ठंड में भी ईजाफा होगा।

# विधानसभा निर्वाचन मतगणना केन्द्रों में मंत्रियों को प्रवेश की अनुमति नहीं

**रायसेन ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य एवं केन्द्र शासन के मंत्रियों अथवा राज्य मंत्रियों को विधानसभा निर्वाचन मतगणना केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मंत्रीगण केवल उस स्थिति में ही मतगणना केन्द्रों में प्रवेश पा सकेंगे, जबकि वो खुद विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार हों। वो केवल उसी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे, जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तैनात सशस्त्र गार्डों को मतगणना केन्द्र के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।

**मेट्रो एंकर**

### नर्मदा कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

# हम सभी को संवैधानिक नियमों का पालन करना चाहिए: डॉ.चौबे



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा महा विद्यालय में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। नवम्बर 26 सन् 1949 को देश की संविधान सभा ने संविधान को देश के लिए विधिवत रूप से स्वीकृत, अंगीकृत,अधिनियमित और आत्म समर्पित किया था। उसी के उपलक्ष्य में इसे मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं और नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के साथ संविधान से ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीकों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ओ एन चौबे ने स्वागत उद्बोधन में विद्यार्थियों को बताया भारत का संविधान देश का सर्वोच्च कानून, मौलिक राजनीतिक संहिता, संघठनात्मक संरचना, संचालन प्रक्रिया, सरकारी संस्थाओं की जिम्मेदारियों के साथ-साथ मौलिक अधिकारों, सिद्धांतों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियां भी याद दिलाता हैं।

डॉ. चौबे ने संविधान के प्रति निष्ठा और संवैधानिक नियमों को पालन करने की शपथ भी दिलाई। साथ ही सभी से आह्वान किया कि हम सभी को संवैधानिक नियमों का पालन करना चाहिए। विषय विशेषज्ञ डॉ. अमिता जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संविधान बिना कोई देश नहीं चलता। अतः आजादी के बाद संविधान सभा का गठन किया गया । भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और लिखित संविधान है। उन्होंने संविधान निर्माण की प्रक्रिया और विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. जोशी ने यह भी बताया कि प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने संविधान की मूल प्रति को हाथ से लिखा और डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर कानूनविदों ने संविधान निर्माण में अथक परिश्रम किया। एनसीसी के आर्मी और लेवल कैडेट्स ने प्रमुख रूप से अपनी सक्रिय उपस्थिति दी। कैडेट्स ने संविधान के प्रति अपनी जिज्ञासा पूर्ण प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में डॉ. बी एल राय, डॉ. राजेश दीवान डॉ. संजय चौधरी, डॉ. रवि उपाध्याय, डॉ. जे के कमलपुरिया, डॉ. एस के दिवाकर , गुलाब मांडवी, शिवकांत मौर्य, शशिभूषण राजपूत, डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, रागिनी मालवीय, मनोज यादव, डॉ. नीता वर्मा, शबनम कुरेशी, मेघा रावत, रीनू वर्मा, सुरभि भट्ट, सचिन दुबे तथा अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और अंत में आभार व्यक्त डॉ. हंसा व्यास द्वारा किया गया



### बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर मंदिर समिति की सूचना के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस

# जाम से वाहन चालकों की मुश्किल देवपुर में लगीं लंबी कतारें



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को देवपुर में जाम के कारण सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा समय रहते पुलिस व्यवस्था नहीं होने कारण इस तरह के हालात निर्मित हुऐ।।बाबा विश्वनाथ के धाम देवपुर में कार्तिक पूर्णिमा पर हज़ारों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालुजन दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। इसकी जानकारी होने के बाद भी पुलिस प्रशासन के द्वारा यहां पर कोई इंतजाम नहीं किए वहीं मंदिर समिति के द्वारा यहां पर कार्तिक मेले के लिए झंडा स्थापित करके पुलिस प्रशासन को यहां पर पुलिस की व्यवस्था करने के लिए पत्र भी जारी किया फिर भी पुलिस प्रशासन ने उसको गंभीरता से ना लेते हुए कोई पुलिसकर्मियों को नहीं भेजा इस वजह से यहां पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लगी हुई थी दूर-दूर तक वाहन ही वाहन दिखाई दे रहे थे वहां चलने की जगह पर रेग रहे थे।

वैसे ही इस मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है दूसरी ओर कार्तिक मास की पूर्णता से पहले यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए दूसरी ओर पुलिस प्रशासन ने यहां पर कोई इंतजाम नहीं किया तो हालात और भी ज्यादा खराब हो गए 1 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लंबी कतारे लगी हुई थी बाद विवाद के बाद वाहन चालक निकालने की कोशिश करते हुए दिखाई दिए घंटे परेशान होना के बाद यहां निकल पा रहे थे। यह समस्या यहां पर पूरे दिन बनीं रही दूसरी और आज तो कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं यहां पर दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे यदि पुलिस प्रशासन यहां पर मौजूद नहीं रहेगी तो आज हालात और भी ज्यादा खराब हो जाएंगे मंदिर समिति के सदस्य अर्जुन राजपूत ने बताया कि हमने मेले के लिए ध्वजारोहण के बाद ही समिति के लेटर पेट पर पुलिस को श्रद्धालुओं की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस वल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था पर पुलिस ने हमारे अनुरोध पर कोई ध्यान नहीं दिया इस कारण यहां पर हालत खराब हो गए जाम के कारण दोनों तरफ से वाहनों के प्रवेश से वाहन चालक परेशान होते हुए दिखाई दिए जाम को देखते हुए ऐसा लग रहा है था कि यहां पर हालात और ज्यादा खराब है कई लोगों ने पुलिस को यहां पर जाम होने की सूचना दी पर पुलिस ने इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया दूसरी ओर इस तरह की लापरवाही पुलिस प्रशासन के द्वारा की जाती है। यह इनकी लापरवाही है प्रशासन के जिम्मेदारियां को ध्यान देकर इस तरह की लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करते हुए उचित व्यवस्था करवानी चाहिए जिससे कि देवपुर धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को इस तरह से जाम के कारण परेशान ना होना पड़े। वही कार्तिक मेले के लिए विधि विधान से समिति के सदस्यों के द्वारा पूजा कि फिर मेले के लिए झंडा लगाया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष अरविंद पालीवाल, लखन राजपूत, नरेंद्र पाटीदार, अर्जुन राजपूत आदि मौजूद थे। रविवार को बड़ी भक्तजनो ने देवपुर धाम पहुंचकर बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना कर के दर्शन किए।

## सांची में भगवान बुद्ध के शिष्यों के अस्थि कलश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ महाबोधि महोत्सव



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एवं बौद्ध अनुयायियों के तीर्थ स्थल सांची में दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव 25 नवम्बर को प्रातः 08 बजे भगवान बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र और महामोदग्लायन के अस्थि कलश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। अस्थि कलश पूजन के लिए श्रीलंका, जापान, वियतनाम सहित कई देशों से आए बौद्ध अनुयायी महाबोधि सोयायटी से स्तूप परिसर में स्थित बुद्ध मंदिर पहुंचे। स्तूप परिसर स्थित मंदिर में सुबह के समय श्रीलंका महाबोधी सोसायटी के अध्यक्ष वानगल उपतिस्स नायक थेरो तथा उनके शिष्यों द्वारा महात्मा बुद्ध के शिष्य महामोदग्लायन एवं सारिपुत्र की पवित्र अस्थियों की पूजा कर दर्शन के लिए रखा गया। इन पवित्र अस्थि कलशों को श्रीलंका महाबोधी सोसायटी के पदाधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में तलघर से मंदिर तक लाया गया।

## विधानसभा निर्वाचन मतगणना संबंधी सूचनाओं हेतु स्थापित किया कंट्रोल रूम

**रायसेन।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले में मतगणना कार्य से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के आदेशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 07482-299310 है। कंट्रोल रूम के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा तीन पालियों में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कंट्रोल रूम कक्ष का प्रभारी अधिकारी तथा नोडल अधिकारी जिला संस्थागत वित्त अधिकारी खिलान सिंह यादव को बनाया गया है। साथ ही मुकेश लारिया बहुउद्देशीय कार्यकर्ता जिला आयुष अधिकारी कार्यालय को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके अतिरिक्त तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह कंट्रोल रूम विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना कार्य सम्पन्न होने तक संचालित होगा।

## जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित पालीवाल ने अपने क्षेत्र के लोगों की सुनी समस्याएं



**सिरोंज।** जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित प्रशांत पालीवाल ने अपने जनपद क्षेत्र मुगलसराय में पहुंचकर लोगों की समस्याएं देखी फिर उनको दूर करवाने का आश्वासन भी देते हुए कहा कि आचार संहिता हटने के बाद जो ज़रुरी काम है उनको पहले करवाया जाएगा। वही यहां लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों से संबंध स्थापित करते हैं माता बहन और बच्चियों से भी भेट करके करके उनकी बात सुनी साथ ही सभी को दीपावली की बधाई देते हुए मिठाई खिलाई।

## मदन मोहन सरकार मंदिर से निकली परिक्रमा यात्रा जगह-जगह हुआ स्वागत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के प्रसिद्ध मंदिर मदन मोहन सरकार मंदिर से रविवार को भव्य परिक्रमा यात्रा मंदिर से प्रारंभ हुई जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस मंदिर पहुंच कर समापन हुई मह आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं विशाल परिक्रमा यात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज जनों समाज सेवी संगठनों ने स्वागत किया परिक्रमा यात्रा में भारी संख्या में भक्तजन मौजूद थे। क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा भी परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए हर साल इसी दिन मदन मोहन सरकार मंदिर से परिक्रमा यात्रा प्रारंभ होती है। वही कार्तिक महोत्सव के तहत पूरे महीने विभिन्न धार्मिक आयोजन मंदिर पर संपन्न हो रहा है। मंदिर के प्रधान पुजारी नवनीत महाराज बताया कि सरकार की कृपा से ही सारे आयोजन संपन्न होते हैं। इसी क्रम में नगर परिक्रमा यात्रा निकाली जो मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई इसके उपरांत आरती हुई फिर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष बालक बालिका आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर** — बादलों ने जमाया डेरा, किसानों की जगी उम्मीद

## बारिश से किसानों को फायदा, सूखे की मार से अन्नदाता परेशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विकासखंड में बारिश कम होने के कारण अधिकांश किसानों को सूखे की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।जो समस्या कर्मियों का दिनों में होती थी वह अभी से होने लगी है भाई मौसम विभाग के द्वारा की गई भविष्यवाणी और बादलों को देखकर कृषक भी बारिश होने की उम्मीद जग गई है। ऐसा होता है तो बड़ा फायदा होगा कई किसानों की जमीन खाली पड़ी हुई है क्योंकि उनके पास सिंचाई के लिए दूसरा संसाधन नहीं है पानी के कमी के कारण कुएं सूख चुके हैं बोरो ने भी दम तोड़ना प्रारंभ कर दिया है इस साल आदी बारिश हुई है इस वजह से शहर का केथन डेम भी खाली पड़ा हुआ इस वजह से नहर भी चालू नहीं हुई है। गर्मियों के दिनों में नगर में भी पानी की किल्लत होगी बारिश कम होने के कारण तेजी से जलस्तर भी नीचे जा रहा है। इसकी वजह से आने वाले दिनों में पानी की भीषण समस्या का सामना भी क्षेत्र के लोगों को



करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग के द्वारा 2 दिनों में पानी गिरने का अनुमान जताया है जिसकी जानकारी लगते ही किसानों की बरसात होने की उम्मीद जीवित हो उठी है यदि इस समय बारिश होती है तो हजारों किसानों को फायदा भी होगा लाखों की लागत भी बच जाएगी दूसरी ओर जिन किसानों के पास पानी की व्यवस्था नहीं है उनके लिए भी यह बरसात वरदान का काम करेगी अभी बरसात होती है तो आने वाले दिनों में जो समस्या पानी कमी के कारण निर्मित हो होते हुए दिखाई दे रही है उसमें भी काफी हद तक कमी आ सकती है।मौसम विभाग के द्वारा 26 और 27 नवंबर को बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है।उसक असर भी रविवार को सुबह से ही देखने को मिल आसमान पर काली घटाओं ने डेरा जमाना प्रारंभ कर दिया था देखते ही देखते आसमान पर बादल ही बादल नजर आने लगा जिनको देखकर किसान भी आसमान की ओर टकटकी भारी निगाह से देख रहे हैं। पानी गिरने के 50 परसेंट चांस है इस समय बरसात होने से सभी को फायदा होगा फसलों के लिए पानी वरदान का काम करेगा क्योंकि अधिकांश किसानों के पास पर्याप्त पानी की कमी है इसलिए वह फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। जिन किसानों के पास पानी के संसाधन उन्होंने पलेवा करके फसल लगा दी पर अगले पानी का इंतजाम इनके पास भी दिखाई नहीं दे रहा है, ऐसी स्थिति में इस समय बरसात होती है तो इन फसलों को भी फायदा होगा दूसरी ओर उत्पादन में भी वृद्धि होगी पानी नहीं गिरने पर उत्पादन भी प्रभावित होगा वैसे ही सूखाग्रस्त क्षेत्र होने के कारण अधिकांश किसानों ने गेहूं की फसल नहीं लगाई है सभी ने दहलनी फसलों ही लगई है।



### वर्ल्ड कप के बाद अब भारतीय क्रिकेटप्रेमियों की नजरें इंडियन प्रीमियर लीग पर टिकी

# 19 दिसंबर को सीजन 2024 की नीलामी इस बार दुबई में होगी

**मुंबई, एजेंसी**

वर्ल्ड कप के बाद अब भारतीय क्रिकेटप्रेमियों की नजरें इंडियन प्रीमियर लीग पर टिकी हैं। 19 दिसंबर को सीजन 2024 की नीलामी दुबई में होनी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 500+ खिलाड़ी नीलामी पूल में होंगे, जिनमें से 50 बिक सकते हैं। जिन विदेशी खिलाड़ियों ने वर्ल्ड कप के प्रदर्शन से प्रभावित किया है, उन पर सबसे बड़ा दांव लग सकता है।

### ■ अजमतुल्लाह पर भविष्य का दांव लगा सकती हैं टीमें

23 साल के अफगान ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमारजाई पर भी फ्रेंचाइजी की नजरें रहेंगी। अजमत ने वर्ल्ड कप के 9 मैचों में 353 रन बनाने के साथ 7 विकेट भी लिए थे। उनके पास पाकिस्तान सुपर लीग में खेलने का अनुभव भी है। टीमें उन्हें भविष्य के विकल्प के रूप में देखकर निवेश कर सकती हैं। टीमें अजमत को उसी तरह आगे बड़ाने पर विचार कर सकती हैं जैसे राशिद, मुजीब और गुरबाज जैसे अन्य अफगान खिलाड़ियों पर किया।

### ■ डैरिल मिचेल : ज्यादा रहते हैं डिमांड में

भारतीय पिचों पर अच्छी बैटिंग कीवी बल्लेबाज ऑक्शन में सबसे ज्यादा डिमांड में रहने वाले खिलाड़ी होंगे। मिचेल ने वर्ल्ड कप की 9 पारियों में 2 शतक और 2 अर्धशतक की मदद से 552 रन बनाए। उनके दोनों शतक भारत के खिलाफ आए और मजबूत अटैक के सामने वे भारतीय पिचों पर काफी सहज दिखे। स्पिन खेलने की क्षमता ने भी आईपीएल टीमों को जरूर आकर्षित किया होगा। विस्फोटक अंदाज में खेलने वाले मिचेल राजस्थान रॉयल्स का एक समय पर हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब टीमों की नजरें फिर से उनपर टिकी होंगी।

### ■ रचिन रवींद्र का सौ प्लस का स्ट्राइक रेट

रचिन रवींद्र 100+ के स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन आईपीएल के आगामी ऑक्शन में शामिल होने की पुष्टि कर चुके हैं। हाल ही में समाप्त हुए वर्ल्ड कप में 24 वर्षीय रचिन ने 64 के औसत से 10 पारियों में 578 रन बनाए। 100+ के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर बता दिया कि वे विस्फोटक अंदाज में भी खेल सकते हैं। भारतीय पिचों पर रचिन की स्पिन गेंदबाजी भी मैच पलटने का काम कर सकती है। रचिन के आगामी ऑक्शन में काफी महंगे बिकने की उम्मीद है। आरसीबी उनपर बड़ा दांव लगा सकती है, क्योंकि मूल रूप से भारतवंशी रचिन का लोकल बॉय फैक्टर भी है।

### ■ ट्रैविस हेड (ऑस्ट्रेलिया)- दबाव में खेलने में माहिर

29 साल के ट्रैविस हेड ने टूर्नामेंट की सिर्फ 6 पारियों में 2 शतक और 1 अर्धशतक से 329 रन बनाए। हेड वर्ल्ड कप के फाइनल और सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे। उनके प्रदर्शन ने बता दिया कि दबाव में खेलना उन्हें आता है। हेड का 140+ का टी20 स्ट्राइक रेट और ऑफब्रेक गेंदबाजी उन्हें आईपीएल टीम के लिए अच्छा विकल्प बनाता है। हेड दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन पिछले साल नहीं बिके थे। हालांकि, हालिया फॉर्म देखते हुए टीमें उनपर अच्छी राशि लुटा सकती हैं।




### ■ लीडे दुनियाभर में टी20 लीग खेल चुके

डच ऑलराउंडर बास डे लीडे आगामी ऑक्शन में अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं। लीडे ने टूर्नामेंट की 9 पारियों में 16 विकेट चटकाए थे और वे बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। उनके पास इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग के साथ यूएई की इंटरनेशनल लीग टी20 और अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में खेलने का अनुभव है। अमेरिकी लीग में लीडे मुंबई इंडियंस की एमआई एमिरेट्स टीम का हिस्सा थे।

### ■ गेराल्ड : डेथ ओवर्स में विकेट लेने की क्षमता

अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कूट्जी ने वर्ल्ड कप के 8 मुकाबलों में 20 विकेट चटकाए। उनका औसत सिर्फ 19.80 और इकॉनोमी रेट 6.23 का रहा। कूट्जी 145+ की स्पीड से गेंदबाजी भी करते हैं। कूट्जी ने डेथ ओवर्स में अच्छा मिश्रण और विकेट लेने की क्षमता दिखाई जो उन्हें तेज गेंदबजों की कैटेगरी में आकर्षक विकल्प बनाएगा। विदेशी तेज गेंदबाज हमेशा डिमांड में रहते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स उनमें रुचि दिखा सकती है, क्योंकि वे इसी फ्रेंचाइजी की टीम में एसए20 और मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा रहे हैं।

### ■ गेराल्ड : डेथ ओवर्स में विकेट लेने की क्षमता

अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कूट्जी ने वर्ल्ड कप के 8 मुकाबलों में 20 विकेट चटकाए। उनका औसत सिर्फ 19.80 और इकॉनोमी रेट 6.23 का रहा। कूट्जी 145+ की स्पीड से गेंदबाजी भी करते हैं। कूट्जी ने डेथ ओवर्स में अच्छा मिश्रण और विकेट लेने की क्षमता दिखाई जो उन्हें तेज गेंदबजों की कैटेगरी में आकर्षक विकल्प बनाएगा। विदेशी तेज गेंदबाज हमेशा डिमांड में रहते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स उनमें रुचि दिखा सकती है, क्योंकि वे इसी फ्रेंचाइजी की टीम में एसए20 और मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा रहे हैं।

## राजस्थान रॉयल्स से आईपीएल में डेब्यू करने वाले रूट ने नाम लिया वापस



**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के बैटर जो रूट ने आईपीएल 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। रूट ने 2023 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से आईपीएल में डेब्यू किया था। राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार 25 नवंबर को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। रूट, आईपीएल से हटने वाले इंग्लैंड के दूसरे क्रिकेटर हैं। उनसे पहले ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने भी आईपीएल में नहीं खेलने का फैसला किया था।

राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा ने कहा, रूट ने बातचीत के दौरान हमें आईपीएल 2024 में भाग नहीं लेने की जानकारी दी। हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं और उनके हर काम की सफलता की कामना करते हैं। आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शन 19 दिसंबर को होना तय है। सभी टीमों को रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट आईपीएल प्रशासन को सौंपनी है। रूट को वेस्टइंडीज टूर से भी दिया गया है ब्रेक भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप का हिस्सा रहे जो रूट को वेस्टइंडीज टूर से भी ब्रेक दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 दिसंबर से तीन वनडे और 5 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए घोषित इंग्लैंड टीम में रूट को शामिल नहीं किया गया। इंग्लैंड मेंस टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की ने वेस्टइंडीज टूर के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा के बाद कहा था कि रूट को वर्ल्ड कप के बाद ब्रेक जरूरत है। रूट वनडे वर्ल्ड कप के 9 मैचों में 30.66 के औसत से 276 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 3 हाफ सेंचुरी भी लगाई। आईपीएल के पिछले सीजन में डेब्यू करने वाले जो रूट को राजस्थान रॉयल्स ने 2023 आईपीएल के मिनी ऑक्शन में उनके बेस प्राइज 1 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था। उन्होंने आईपीएल के 3 मैचों में खेलते हुए 10 की औसत से केवल 10 रन बनाए थे। जो रूट आईपीएल से हटने वाले इंग्लैंड के दूसरे क्रिकेटर हैं। उनसे पहले इंग्लैंड के ऑल राउंडर बेन स्टोक्स वर्कलोड और फिटनेस मैनेजमेंट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से हटने का फैसला किया था। 2023 में चेन्नई ने उन्हें 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। स्टोक्स ने सीएसके से केवल 2 ही मैच खेले थे।

### दूसरा टी-20 : भारत की ऑस्ट्रेलिया पर लगातार दूसरी जीत

## इंडिया की जीत से 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

भारतीय टीम ने टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 44 रन से हराया। यह टीम इंडिया की ऑस्ट्रेलिया पर लगातार चौथी जीत है। इस जीत से टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 28 नवंबर को गुवाहाटी में खेला जाएगा।

तिरुवनंतपुरम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 235 रन बनाए। जवाब में कंगारू टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 191 रन ही बना सकी। प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई ने 3-3 विकेट झटके। इससे पहले, भारत की पारी में ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 53, ईशान किशन ने 52 और ऋतुराज गायकवाड ने 58 रन बना कर अर्धशतक जमाए।



**पाकिस्तान की बराबरी पर आया भारत:** भारतीय टीम सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले जीतने वाली देशों की सूची में पाकिस्तान की बराबरी पर आ गया है। दोनों ने एक समान मैच जीते हैं।

### मैच में पहली पारी में सबसे बड़ा स्कोर

टी-20 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस मैच में पहली पारी का सबसे बड़ा स्कोर बना। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के नाम यह रिकॉर्ड था जो कि इसी सीरीज में आया। विशाखापट्टनम में पहले टी-20 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहली पारी में 208 रन बनाए थे। डेथ ओवर में मैथ्यू वेड और तनवीर सांघा की जोड़ी ने कंगारुओं को ऑलआउट होने से बचाया। दोनों ने 10वें विकेट के लिए 19 बॉल पर 36 रन की पार्टनरशिप की। आखिरी के चार ओवर में टीम ने 2 विकेट खोकर 39 रन बनाए। मिडिल ओवर में स्टोयनिस और डेविड ने मैच को संभाला।

### डैरेन ब्रावो ने क्रिकेट से दूरी बनाने का ऐलान किया

## टीम में जगह नहीं मिलना बनी वजह; इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी जानकारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के मिडिल ऑर्डर बैटर डैरेन ब्रावो ने रविवार, 26 नवंबर को इंटरनेशनल क्रिकेट से ब्रेक लेने की घोषणा की है। ब्रावो को हाल ही में घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद इंग्लैंड के खिलाफ घोषित हुई वनडे सीरीज की टीम में नहीं चुना गया था। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज आखिरी बार फरवरी 2022 में इंटरनेशनल मैच खेला था। वर्ल्ड कप 2023 में वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं थी। टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स 2023 के मैचों में क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। टीम दो बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीती है। वहीं वेस्टइंडीज सबसे ज्यादा 2 बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाला देश है।

**वेस्टइंडीज के लिए खेले तीनों फॉर्मेट:** ब्रावो वेस्टइंडीज के लिए तीनो फॉर्मेट में क्रिकेट खेल चुके हैं। सबसे ज्यादा रन उनके बल्ले से टेस्ट क्रिकेट में निकले हैं। उन्होंने 56 मैचों में 44.86 की स्ट्राइक रेट के साथ 3538 रन बनाए हैं। वनडे में 122 मैचों में 3109 रन बनाए हैं।

**ब्रावो का इंस्टाग्राम पोस्ट:** उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैंने सोचने के लिए कुछ समय लिया है और सोचा है कि एक क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ने के लिए मेरा अगला कदम क्या है। मेरे करियर के इस मोड़ पर यह आसान नहीं है या मुझे कहना चाहिए कि अपनी क्षमता के अनुसार बेस्ट परफॉर्मेंस करने और खुद को इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करने की स्थिति में लाने के लिए ऊर्जा, जुनून, प्रतिबद्धता और अनुशासन को जारी रखने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## सबको नहीं बताना चाहती कि मैं कहां रहती हूं- अदा



इस साल अगस्त में एक्ट्रेस अदा शर्मा, दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के बांद्रा वेस्ट वाले फ्लैट को देखने पहुंची थीं। इसके बाद चर्चा थी कि अदा ने सुशांत का यह फ्लैट खरीद लिया है और वो जल्द ही उसमें शिफ्ट हो जाएंगी। हालांकि, अभी तक ऐसा हुआ नहीं। सुशांत का घर खरीद लेने की अफवाह पर अदा ने कहा, 'मेरा घर मेरा मंदिर है। मैं नहीं चाहती कि हर फोन में यह खबर चले कि मैं कहां रहती हूं। मैं बचपन से ही अपने पिता के घर पर रहती आ रही हूं। अगर मैंने मूव करने के बारे में सोचा भी होगा तो मैं इस तरह से तो यह खबर अनाउंस नहीं करूंगी। मैं इसे अपने तरीके से शेयर करना पसंद करूंगी।'


### फैन हैं, उत्सुक तो होती होगी

वहीं जब पूछा गया कि क्या इस तरह की खबरें उन्हें प्रभावित करती हैं तो अदा ने कहा, 'मैं अपने फैंस से जब शेयर करना चाहूं तब कर सकती हूं। मैं किसी अफवाह की वजह से अनकम्फर्टेबल फील नहीं करती। ये सब तो एक एक्टर की लाइफ का हिस्सा हैं। मैं इसे इस तरह नहीं लेती कि कोई मेरी प्राइवेसी में इंटरफेयर कर रहा है। यकीनन ही फैन हैं तो उनको जानने की उत्सुकता होती होगी।'

### सुशांत के निधन के बाद से ही खाली पड़ा फ्लैट


सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से ही उनका यह फ्लैट खाली पड़ा हुआ है। मुंबई बेस्ड एक प्रॉपर्टी ब्रोकर रफीक मर्चेंट ने कुछ महीने पहले सुशांत के फ्लैट के कुछ वीडियोज और फोटोज शेयर किए थे। उन्होंने बताया था कि फ्लैट को लेने वाला कोई किराएदार नहीं मिल रहा है। जब भी इसे कोई लेना चाहता है, तो इस फ्लैट की हिस्ट्री जानते ही मना कर देता है। बता दें कि निधन के पहले तक सुशांत इसी फ्लैट में रहते थे। वर्कफ्रंट पर अदा की पिछली फिल्म 'द केरला स्टोरी' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइट 300 करोड़ का कलेक्शन किया था। इन दिनो अदा 'बस्तर' की शूटिंग में बिजी हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म अगले साल तक रिलीज होगी।

## राहा को रणबीर मां जैसा प्यार करते हैं



रणबीर कपूर हाल ही में फिल्म एनिमल के प्रमोशन के लिए रश्मिका मंदाना के साथ इंडियन आइडल के 14वें सीजन में पहुंचे थे। शो के इस खास एपिसोड के लिए महेश भट्ट ने दामाद रणबीर के लिए एक स्पेशल वीडियो मैसेज भेजा था, जिसमें वो रणबीर को दुनिया का बेस्ट फादर बता रहे थे। इस स्पेशल वीडियो में महेश ने कहा- आलिया जिसे मैं मिरेकल मानता हूं, वो कहती है कि रणबीर देश के बेस्ट एक्टर्स में से एक हैं। मगर मेरा मानना है कि रणबीर दुनिया के बेस्ट पिता हैं। जब वो अपनी बेटी राहा को निहारते हैं, तो काश आप उस समय उनकी आंखें देख पाते। उनकी मां नीतू कपूर कहती हैं, ऐसा प्यार तो मां करती है अपने बच्चों से जो रणबीर रहा से करता है।' मुझे गर्व है कि मेरे पास रणबीर जैसा दामाद हैं। महेश भट्ट की ये सारी बातें सुन रणबीर इमोशनल हो गए। उन्होंने कहा- उन्होंने (महेश भट्ट) कभी भी ऐसा कुछ मेरे सामने नहीं कहा है। इसके लिए इंडियन आइडल आपका शुक्रिया। मैं ससुर जी से पास हो गया हूं । रणबीर ने एनिमल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान कहा था- रील से रियल में स्विचिंग ऑन और स्विचिंग ऑफ का हिस्सा बहुत जरूरी होता है।

## बॉबी को 6 साल से ट्रेनिंग दे रहे प्रज्वल



फिल्म एनिमल में बॉबी का इंटेस लुक देखने को मिलेगा। इस रोल के लिए उन्होंने 4 महीने तक जबरदस्त ट्रेनिंग की है। इस दौरान उन्होंने मिठाइयों से भी दूरी बना ली थी। डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की डिमांड थी कि बॉबी फिल्म में रणबीर कपूर की तुलना में ज्यादा ताकतवर दिखें। इस लुक को परफेक्ट तरीके से ढालने में उनके पर्सनल ट्रेनर प्रज्वल शेट्टी ने बॉबी की बहुत मदद की थी। एक इंटरव्यू में बताया कि इंटेस लुक के लिए बॉबी ने स्ट्रीक्ट डाइट फॉलो किया था ताकि उनका वजन 85 से 90 किलो तक बना रहे। इंडिया प्रज्वल ने कहा- जिस तरह से सोशल मीडिया पर बॉबी सर की बॉडी और लुक्स की चर्चा हो रही है, उससे मैं खुश हूं। मैं 'रेस 3' के बाद से ही उन्हें ट्रेनिंग दे रहा हूं। मैं पिछले छह साल से उनके साथ हूं। फिल्म 'एनिमल' के लिए मुझे चार महीने का समय दिया गया था।



**मेट्रो बाजार**

## कई फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की चाल, तेजी का भी है अनुमान

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में अगले हफ्ते तेजी देखने को मिल सकती है। 5 राज्यों के इलेक्शन के बाद एग्जिट पोल, भारत की जीडीपी ग्रोथ, अमेरिकी जीडीटपी डेटा, फेड चेयरमैन स्पीच, ग्लोबल इकोनॉमिक डेटा, डोमेस्टिक इकोनॉमिक डेटा, ऑटो सेल्स, फ्लो, क्रूड ऑयल प्राइस और अपकमिंग आईपीओ पर बाजार की नजर रहेगी। हालांकि, आज गुरुनानक जयंती के अवसर पर बाजार बंद रहेगा। 28 नवंबर यानी मंगलवार से शुरू होने वाले कारोबारी हफ्ते में बाजार की चाल तय होगी। पांच राज्यों मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव 2023 चल रहे हैं। इन चुनावों के लिए वोटिंग खत्म हो जाने के बाद अगले हफ्ते एग्जिट पोल्स रिजल्ट्स सामने आएंगे। ये नतीजे तेलंगाना में 30 नवंबर को वोटिंग खत्म होने के बाद शाम को जारी किए जाएंगे। अन्य चार राज्यों में मतदान पूरा हो चुका है। एग्जिट पोल्स के नतीजे भी शेयर बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। पॉवेल स्पीच ग्लोबल लेवल पर, निवेशकों की नजर 29 नवंबर को जारी होने वाले तीसरी तिमाही की अमेरिकी जीडीपी ग्रोथ के दूसरे अनुमान पर रहेगी। यह महंगाई और नौकरियों के डेटा के बाद, फेडरल रिजर्व के लिए एक और महत्वपूर्ण डेटा है। एडवांस एस्टिमेट्स के अनुसार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था तीसरी तिमाही के लिए 4.9 फीसदी की वार्षिक गति से बढ़ेगी, जबकि दूसरी तिमाही के लिए वास्तविक ग्रोथ 2.1 फीसदी दर्ज की गई।1 दिसंबर को फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की स्पीच पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अन्य फेड अधिकारी वालर, गूल्सबी, बोमन, बर्र, मेस्टर और विलियम्स भी अगले सप्ताह भाषण देंगे। पिछली पॉलिसी मीटिंग के 22 नवंबर को जारी मिनट्स में फेड अधिकारियों ने दर में कटौती के बारे में कोई संकेत नहीं दिया, लेकिन वे अभी भी महंगाई के बारे में चिंतित हैं।

## नोकिया-105 क्लासिक हुआ अनविल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कीपेड मोबाइल चलाने वाले लोगों के लिए नोकिया ने नया फीचर फोन नोकिया 105 क्लासिक भारत में लॉन्च किया है। कंपनी ने नोकिया 105 क्लासिक की शुरुआती कीमत 999 रुपए रखी है। नोकिया 105 क्लासिक सिम सपोर्ट के अनुसार दो मॉडल्स में सेल किया जाएगा। एक में जहां सिंगल सिम स्लॉट दिया जाएगा, वहीं दूसरे मॉडल में कस्टमर को डुअल सिमकार्ड का ऑप्शन मिलेगा। दूसरे मॉडल की कीमत अभी अनाउंस नहीं की गई हैं। यूजर इस नोकिया फीचर फोन को चारकोल और ब्लू कलर में खरीद पाएंगे। इसके अलावा नोकिया इस फीचर फोन के साथ एक साल की फ्री रिप्लेसमेंट गारंटी भी दे रही है। यानी फोन में अगर कोई खराबी हुई तो ग्राहक को नया मोबाइल दिया जाएगा। यूजर्स इस बटन वाले फोन से इंटरनेट के बिना यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे, जो इसे खास बनाती है। नोकिया 105 क्लासिक पीआई 123 पे सपोर्ट करता है। इस फीचर की मदद से फोन में बिना इंटरनेट के भी पीआई ट्रांजेक्शन्स की जा सकती है। इस बटन वाले फोन में एफएम रेडियो दिया गया है। इंटरटेनमेंट के लिए इसका इस्तेमाल हेडफोन जैक के साथ ही वायरलेस तरीके से भी किया जा सकता है। पावर बैकअप के लिए यह फीचर फोन में 800 एमएच की बैटरी दी गई है।



भोपाल के पिपलानी गुरुद्वारे पर गुरु नानक जयंती को लेकर आकर्षक विद्युत साज सज्जा हुई।

## बाइक ट्राले में टकराई, युवक गंभीर

**भोपाल।** परवलिया इलाके में एक ट्राला चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे चल रही बाइक टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक को गंभीर चोट आई है, जबकि पीछे बैठा भाई बच गया। पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रामफूल मीना (32) दोराहा जिला सीहोर का रहने वाला है और खेती किसानी करता है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह लांबाखेड़ा से अपने छोटे भाई ऋषिराज मीना के साथ बाइक से अपने किराए के मकान पतंजलि कालोनी गांधी नगर जा रहा था। बाइक ऋषिराज चला रहा था। मुबारकपुर बायपास के पास उसके आगे एक ट्राला चल रहा था। ट्राला चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे पीछे चल रही ऋषिराज की बाइक जाकर टकरा गई। इस हादसे में ऋषिराज के हाथ-पैरों में गंभीर चोट आई, जबकि पीछे बैठे रामफूल बच गए। घटना के बाद चालक ट्राला लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पुताई करते समय युवक की मौत, इंजीनियर और ठेकेदार पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**


फाइल फोटो

श्यामला हिल्स पुलिस ने एक युवक की मौत के मामले में इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही पूर्वक काम करवाने और साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज किया है। युवक की मौत पुताई करते समय गिरने से हुई थी, जबकि ठेकेदार ने बताया था कि उसे पालीटेक्निक चौराहे पर किसी वाहन ने टक्कर मारी है। पांच महीने की जांच के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक मृतक गनपत राय पुत्र सेदूराम (38) जेजे कालोनी, द्वारका सेक्टर-7 दिल्ली का रहने वाला था और मजदूरी करता था। पांच महीने पहले वह श्यामला हिल्स स्थित टीटीटीआई कैंपस में काम कर रहा था। बीती 8 जुलाई 2023 को ठेकेदार दीपक दास उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा और बताया कि पालीटेक्निक चौराहे के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी है। इलाज के दौरान अगले दिन गनपत की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान मृतक के परिजन, साथ काम करने वाले मजदूरों, इंजीनियर, ठेकेदार और मटेरियल सप्लाई करने वालों के बयान लिए। इस दौरान पता चला कि गनपत की मौत एक्सीडेंट में नहीं, बल्कि घटना वाले दिन पुताई करते समय गिरने से आई चोट के कारण हुई थी। पुताई के दौरान इंजीनियर वैष्णव सिंह सोलंकी और ठेकेदार दिलीप दास ने सुरक्षा के मापदंडो का पालन नहीं किया था। साथ ही मामले को छुपाने के लिए घटना को एक्सीडेंट बताया था। इस कारण पुलिस ने इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### संबंध बनाने के बाद हर महीने मांगती थी पांच से सात हजार रुपए

# महिला से प्रताड़ित होकर वेटेनरी अस्पताल के सफाईकर्मी ने की थी आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल। जहांगीराबाद पुलिस ने वेटनरी अस्पताल के सफाई कर्मचारी की जहर खाकर आत्महत्या के मामले में जांच के बाद महिला मित्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। आत्महत्या करने से पहले युवक ने नौ पन्ने का सुसाइड नोट लिखकर महिला के नाम उजागर कर उसे अपनी मौत को जिम्मेदार बताया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक वाल्मीकि मोहल्ला बापू कॉलोनी निवासी राजकुमार गौहर (34) वेटनरी अस्पताल में सफाई कर्मचारी था। नवंबर 2021 में उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला था। नोट में राजकुमार ने अपनी एक महिला मित्र को अपनी मौत को जिम्मेदार बताया था। जांच में खुलासा हुआ कि महिला मित्र और राजकुमार के आपस में संबंध थे। संबंध का नाजायज



फायदा उठाते हुए महिला राजकुमार से डिमांड करने लगी थी। वह हर महीने उससे पांच से सात हजार रुपए तक वसूल कर लेती थी। पैसा देने से इनकार करने पर वह राजकुमार को उसकी पत्नी को बताने और बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी थी। तंग आकर राजकुमार गौहर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला भी एक बड़े सरकारी अस्पताल में सफाई कर्मचारी है।

## रवींद्र भवन के पास नाले में मिला युवक का शव

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रवींद्र भवन के पास नाले में शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मृतक का हुलिया आसपास के थानों में भेज दिया है। एसआई घूमेंद्र सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा पोकलेन मशीन लगाकर रवींद्र भवन के पास नाले की सफाई कराई जा रही थी। इस दौरान दोपहर करीब दो बजे के आसपास मशीन ऑपरेटर ने नाले में एक शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो औंधे मुंह एक व्यक्ति का शव पड़ा नजर आया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक बोरी भी पड़ी थी। बोरी में खाली बोतल पन्नी पड़ी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक कबाड़ा बीनने वाला है और यहां कबाड़ा बीनने के इरादे से पहुंचा था। मृतक कत्थई कलर की पेंट और लाल धारीदार शर्ट पहने हुए है। उसके सिर पर बाल नहीं है, जबकि दाड़ी देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि वह मुस्लिम धर्म का हो सकता है।

## गैस रिफिलिंग करने वाले दो लोगों पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के दौरान हुए हादसे में पांच लोग झुलस गए थे। पुलिस ने इस मामले में गैस रिफिल करने वाले दो लोगों के खिलाफ मानव जीवन को खतरा उत्पन्न करने वाली धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।


फाइल फोटो

पुलिस के मुताबिक शक्ति पटोरिया (24) गड्ढे वाली मल्टी 12 नंबर स्टाप हबीबगंज में रहता है और साफ सफाई का काम करता है। उसकी बहन राधा और बहनोई छोटू पटोरिया शाहपुरा गांव स्थित इमरत नामदेव के मकान में किराए से रहते हैं। शक्ति अपनी बहन के घर आता-जाता रहता है। उसने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम को वह अपनी बहन के घर था। करीब एक सप्ताह पहले उसी मकान में बहन के सामने वाले कमरे में तोरन सिंह किराए से रहने आया है, जिसके पास कई गैस सिलेंडर हैं। शनिवार शाम करीब सात बजे तोरन सिंह अपने एक अन्य साथी के साथ एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस भर रहा था, तभी अचानक आग लग गई। इससे शक्ति, उसकी बहन और बहनोई आग से झुलस गए। तीनों को इलाज के लिए पहले जयप्रकाश और बाद में हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में तोरन और उसका साथी भी आग से झुलसा था, लेकिन दोनों मौके से भाग निकले थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## नव विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित ग्वाल मोहल्ला में नव विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है। थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा ने बताया कि गायत्री यादव पति धर्मेंद्र यादव (25) ग्वाल मोहल्ला, अरेरा हिल्स में रहती थी। उसकी शादी करीब पांच साल पूर्व धर्मेंद्र यादव से हुई?थी। धर्मेंद्र यादव प्राइवेट काम करता है, जबकि पत्नी गायत्री गृहणी थी। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात गायत्री उल्टियां कर रही थी। उससे उल्टी करने का कारण पूछा तो पता चला कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। वह गायत्री को अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां देर रात इलाज के दौरान गायत्री की मौत हो गई।नव विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

भोपाल। अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित ग्वाल मोहल्ला में नव विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है। थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा ने बताया कि गायत्री यादव पति धर्मेंद्र यादव (25) ग्वाल मोहल्ला, अरेरा हिल्स में रहती थी। उसकी शादी करीब पांच साल पूर्व धर्मेंद्र यादव से हुई?थी। धर्मेंद्र यादव प्राइवेट काम करता है, जबकि पत्नी गायत्री गृहणी थी। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात गायत्री उल्टियां कर रही थी। उससे उल्टी करने का कारण पूछा तो पता चला कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। गायत्री को अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां देर रात इलाज के दौरान गायत्री की मौत हो गई।

## स्कूटर सवार को बाइक ने मारी टक्कर

भोपाल। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित ब्रिज के पास स्कूटर सवार दो युवकों को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल के बहनोई की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक खालिद (27) मूलत- राहतगढ़ जिला सागर का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि उसका साला जफर खान और साले का दोस्त शाहरुख शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे स्कूटर पर सवार होकर ईंटखेड़ी मस्जिद से लांबाखेड़ा की तरफ जा रहे थे। दोनों जैसे ही ब्रिज के आगे एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, वैसे ही अज्ञात मोटर सायकिल चालक ने उनकी स्कूटर में टक्कर मार दी, जिससे जफर और शाहरुख सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर मारने वाला बाइक सवार अपनी बाइक लेकर मौके से भाग निकला, जिससे उसका नंबर नहीं देखा जा सका। पुलिस ने अज्ञात मोटर सायकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** बैरसिया थाना क्षेत्र का मामला...

# बाइक फिसलने से गिरे दंपती, अस्पताल में पत्नी की मौत, पति गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित नरसिंहगढ़ जोड़ पर बाइक फिसलने से दंपती घायल हो गए। घटना 25 नवंबर देर रात की बताई जा रही है। इस हादसे में दंपती को गंभीर चोट आई?थी और दोनों को इलाज के लिए भोपाल स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान महिला की कल शाम मौत हो गई, जबकि पति की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज पीएम के परिजन को शव सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार ममता मोगिया पति सौदान सिंह (25) शमशाबाद में रहती थी। वह अपने पति के साथ बाइक से रिश्तेदारों के घर गई?थी। वहां से 25 नवंबर की रात दंपती अपने घर लौट रहे थे।


फाइल फोटो

इस दौरान नरसिंहगढ़ जोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई?थी। पुलिस का कहना है कि रविवार शाम अस्पताल से ममता की मौत की सूचना मिली?थी। आज पुलिस पीएम के दौरान मृतक के परिजन और पति से पूछताछ करेगी।

## ट्राले में टकराया स्कूटर सवार गंभीर

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में स्कूटर पर बैठे एक व्यक्ति का सिर ट्रक के पिछले हिस्से में डाले से टकरा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अनिल शर्मा (22) ग्राम बरखेड़ी डोब थाना सूखी सेवनिया में रहता है। बीती 23 नवंबर को उसके पिता राजकुमार और भाभी मनीषा शर्मा गंजबासौदा से बस से लौटे थे। सूखी सेवनिया स्टाप पर उतरने के बाद अनिल दोनों लोगों को स्कूटर पर बिठाकर घर जा रहा था। दोपहर करीब दो बजे वह बरखेड़ी तिराहा और कोयला डिपो के बीच पहुंचा, तभी सामने एक ट्रक आता दिखाई दिया। अनिल ने अपनी स्कूटर को सड़क किनारे कर लिया, लेकिन क्रासिंग के समय ट्रक का पिछला डाला स्कूटर पर बैठे राजकुमार के सिर से टकरा गया, जिससे तीनों लोग स्कूटर समेत गिर गए। राजकुमार के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022